हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 8 जून 2026



तापमान

अधिकतम 41.0 डिग्री

न्यूनतम 29.4 डिग्री



जेल रोड फूल चौक पर फेंका जा रहा कचरा।

## खबर संक्षेप

### तिफरा ओवरब्रिज पर टूटा स्प्रिंग डिवाइडर



**बिलासपुर।** रायपुर-बिलासपुर मार्ग स्थित तिफरा ओवरब्रिज की शुरूआत में लगाया गया स्प्रिंग डिवाइडर पूरी तरह से टूट चुका है। इसके चलते शहर के ब्रिज पर चढ़ते ही यातायात नियमों की धज्जिया उड़ रही है। बिलासपुर-रायपुर मुख्य मार्ग होने के कारण दिन-रात आवाजाही लगी रहती है। ओवरब्रिज पर चढ़ते ही बने स्प्रिंग डिवाइडर पूरी तरह से टूट जाने के कारण गलत तरीके से गाडियों का मुडना,रोंग साइड से गाड़ियों का आना हो रहा है। पूर्व में भी इस स्थल पर गाडियों का एक्सीडेंट होते रहा है, लेकिन इसकी देखरेख कोई भी नहीं कर रहा है, जिससे हादसों का खतरा बढ़ जाता है। ओवरब्रिज के नीचे गौरवपथ मार्ग पर बने डिवाइडर कई जगहों से क्षतिग्रस्त हो गए डिवाइडर के टूटने से इस मार्ग पर भी हादसे होने का खतरा बढ़ जाता है।

### चार्जिंग स्टेशन में लटक रहे खुले तार



**बिलासपुर।** सिंधी कॉलोनी मार्ग में ई-रिक्शा चालकों की सुविधा के लिए बनाया गया चार्जिंग स्टेशन इन दिनों खुद ही असुविधा और खतरे का सबब बन चुका है। लाखों की लागत से बना यह स्टेशन लंबे समय से खुले तारों के साथ हादसों को न्यौता दे रहा है, जिससे ई-रिक्शा चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। देखरेख के अभाव से इस स्टेशन की हालत बेहद जर्जर हो चुकी है। दीवाल से लगे बोर्ड के तार खुले छोड़ दिए हैं, यहां से गुजरने वाले राहगीरों और बच्चों के लिए खुले तार खतरनाक साबित हो सकते हैं।

### बेतरतीब ऑटो और ठेलों से हर शाम लग रहा जाम



**बिलासपुर।** नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस की तमाम कार्रवाई के बाद भी शनिचरी बाजार क्षेत्र को जाम से मुक्ति नहीं मिल पा रही है। बिलासा देवी चौराहे के पास आटो चालकों ने सड़क को ही अपना स्टैंड बना लिया है। बचीखुची कसर सड़क पर लगाए जा रहे अवैध ठेले कर देते हैं, जिससे पैदल चलना भी दूभर हो जाता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जब निगम की टीम कार्रवाई करने जाती है तब कुछ देर के लिए रास्ता साफ हो जाता है, लेकिन टीम के जाते ही स्थिति जस की तस हो जाती है। बाजार के मुख्य सड़क पर बेतरीब खड़े इन ऑटो और ठेलों से हर शाम जाम की स्थिति बन जाती है।

### फिजियोथेरेपी और दंत चिकित्सा शिविर आज से

**बिलासपुर।** हड्डी, मांसपेशियां, नसों एवं दांतों से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज करने के उद्देश्य से अखिल भारतीय वैश्य कसौंधन महासभा ट्रस्ट पंजीकृत गुप्ता समाज द्वारा इन दिनों कसौंधन माह चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत निःशुल्क फिजियोथेरेपी एवं दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन आज से किया जा रहा है। संस्था के जिला अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया कि शिविर सुबह 10 से दोपहर 12 बजे, शाम 6 से रात 7 बजे तक रखा गया है। उक्त शिविर 15 दिनों तक चलेगा।

---

**सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट** | निगम के कई वार्डों में आज भी मिक्स कचरा ही डंपिंग यार्ड तक पहुंच रहा, नियमों का पालन चुनौतीपूर्ण

# न घरों में डिब्बे बांटे, न गाड़ियों में कंपार्टमेंट, 10 करोड़ का अतिरिक्त बोझ भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खास खबर

जिले में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए घरों में न तो डिब्बे बांटे गए हैं ना गाड़ियों में कंपार्टमेंट ही बनाए गए हैं। इसके साथ ही 4 रंग के डस्टबिन का नियम भी टूट रहा है। नए नियम के तहत अब नगरीय निकायों में घरों, दुकानों, आफिसों से गीला और सूखा कचरा के अलावा घरेलू खतरनाक तथा सैनिटरी-विशेष कचरा भी अलग-अलग लेना है। यानी इस नियम के तहत हर घर और दुकानों में चार तरह के कचरों के लिए 4 अलग-अलग रंग के डस्टबिन में रखने होंगे। कागजों में यह नियम लागू कर दिया गया है लेकिन अमल शुरू नहीं हुआ है। हाल यह है कि निगम क्षेत्र के किसी भी कचरा गाड़ी में चार कंपार्टमेंट नहीं है। अब निगम पर 4 रंग के डिब्बों को बांटने और गाड़ियों में बदलाव पर 10 करोड़ का अतिरिक्त वित्तीय बोझ आने का अनुमान है जो बजट की कमी से जूझ रहे निगम प्रशासन के लिए आसान नहीं है।

- गीला और सूखा कचरा के अलावा घरेलू खतरनाक तथा सैनिटरी-विशेष कचरा भी अलग करना होगा

दरअसल राज्य में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट (एसडब्ल्यूएम)नियम 1 अप्रैल 2026 से लागू हो गया है। नए नियमों के मुताबिक अब गीला और सूखा कचरा ही नहीं, बल्कि बायो-मेडिकल (सेनेटरी) और खतरनाक कचरे को भी अलग-अलग करके चार डिब्बों में देना अनिवार्य होगा। जमीनी हकीकत लेकिन यह है कि बिलासपुर नगर निगम का मौजूदा ढांचा इस डिजिटल विजन के सामने पुराना नजर आ रहा है। दूसरी ओर स्वच्छता सर्वेक्षण के पुराने डेटा बताते हैं कि निगम के कई वार्डों में आज भी मिक्स कचरा ही डंपिंग यार्ड तक पहुंच रहा है। लोग नीले और हरे डिब्बे का अंतर तो समझ गए हैं लेकिन लाल और काले डिब्बे (सेनेटरी और हैजर्ड वेस्ट) की अवधारणा अब भी कागजों तक सीमित है।



### ट्रिप बढ़ेगी या नई गाड़ियां खरीदनी होंगी

फिलहाल शहर में वर्तमान में लगभग 200 से अधिक गाड़ियां कचरा उठाने का काम कर रही हैं। यह गाड़ियां सभी तरह का कचरा एक साथ ले रही हैं। नए नियमों के तहत अब सेनेटरी और डोमेस्टिक हैजर्ड वेस्ट के लिए अलग बॉक्स के साथ कचरा चार तरह के बॉक्स में लेना होगा। ऐसे में पुराने तरीके से नए नियम का पालन कैसे पूरा होगा। तकनीकी विशेषज्ञों का मानना है कि मौजूदा गाड़ियों में पार्टिशन करने से उनकी क्षमता कम हो जाएगी, जिससे ट्रिप की संख्या बढ़ानी पड़ेगी। यदि निगम नई गाड़ियां खरीदता है तो एक गाड़ी की औसत कीमत छह से आठ लाख रुपए के बीच होती है, जो बजट को पटरी से उतार सकती है।

### यह हैं चार तरह के कचरे

- **गीला कचरा-** इसे जैविक/बायोडिग्रेडेबल कचरा भी कहते हैं। खाना बचा हुआ, सब्जी-फल के छिलके, बगीचे का कचरा से कम्पोस्ट बनाया जा सकता है। ये डिब्बा हरे रंग का रहेगा।
- **सूखा कचरा -** यह रिसायकल हो सकता है। जैसे प्लास्टिक, कागज, धातु, कांच इत्यादि। इसे रीसाइक्लिंग के लिए अलग रखना जरूरी है। इसमें नीले रंग का डिब्बा उपयोग होगा।
- **खतरनाक कचरा-** घर में निकलने वाला हानिकारक कचरा। जैसे बैटरी, पेंट, केमिकल, सैनिटरी वेस्ट (डायपर), बल्ब, ट्यूबलाइट इत्यादि। इसके लिए लाल रंग के डिब्बे का चयन किया गया है।
- **विशेष कचरा-** कुछ जगह इसे हेजार्डस के साथ क्लब किया जाता है। जैसे मेडिकल वेस्ट, मास्क, ग्लव्स, हाइजीन से जुड़ा कचरा इत्यादि। इसे काले रंग के डिब्बे में रखा जाएगा।

### नए नियम का पालन चुनौती पूर्ण

देखा जाए तो शहर में अब तक शत-प्रतिशत सोर्स सेग्रीगेशन (घर से कचरा अलग करना) का लक्ष्य भी पूरा नहीं हो पाया है। ऐसे में बिना संसाधनों के नए नियम का पालन बेहद चुनौती पूर्ण है। अब तक इसके लिए निगम में कोई तैयारी भी नहीं की गई है। दरअसल निगम ने स्वच्छता पर करोड़ों खर्च किए हैं, आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे कि सेकेंडरी ट्रांसफर स्टेशन पर अलग-अलग छंटनी की व्यवस्था के लिए निवेश की जरूरत है। अनुमान है कि गाड़ियों के अपग्रेडेशन, नए डस्टबिन के वितरण और आइटी आधारित मानिटरिंग सिस्टम पर निगम को करोड़ों रुपए से अधिक खर्च करने होंगे।

### जागरूक किया जाएगा

नए नियमों के तहत कचरे को चार श्रेणियों में अलग करना अनिवार्य होगा। इसमें गीला कचरा, सूखा कचरा, घरेलू खतरनाक कचरा जैसे सेनेटरी पैड, डायपर, बल्ब और बैटरी तथा विशेष कचरा जैसे मेडिकल उपयोग की घरेलू सामग्री, टूटे सिरेमिक, राख और धूल शामिल हैं। घरों में जल्द ही चार रंग के डिब्बे बांटे जाएंगे। लोगों को इसके लिए जागरूक भी किया जाएगा।

**- पूजा विधानी,** महापौर

---

# सब्जी मंडी में पल रहीं बकरियां, शराब और जुए का अड्डा



**बिलासपुर।** चांटीडीह सब्जी मंडी में निगम ने अवैध रूप से कब्जा जमाए दुकानदारों को बाहर कर दिया है। यहां वर्षों से निगम की दुकानों पर अवैध कब्जा था, लेकिन अब सभी जर्जर दुकानों को तोड़कर वहां एक व्यवस्थित और आधुनिक मार्केट बनाने की योजना बनाई गई है। इसके लिए बकायदा यहां सफाई कराते हुए शेड बनाते हुए काम शुरू तो किया गया लेकिन फिलहाल वह बंद है। अब यहां असमाजिक तत्वों का जमावड़ा होने लगा है। यह जगह शराब पीने और जुआ खेलने के काम आ रही है। मंडी के ठीक सामने देसी और विदेशी शराब दुकान भी है। इसके साथ ही यहां बकरियां और दूसरे मवेशी भी पाले जा रहे हैं। निगम के मुताबिक यहां की दुकानों पर ने अवैध कब्जा कर लिया था। कई दुकानदारों ने शटर तोड़कर जबरन दुकानें अपने कब्जे में ले ली थी और वर्षों से वहां व्यवसाय कर रहे थे। निगम ने स्थिति का जायजा लिया और पाया कि दुकानों की हालत बेहद जर्जर हो चुकी है। इसके बाद एक विशेष अभियान चलाकर सभी अवैध कब्जाधारियों को हटाया गया।

---

**तीन लाजों पर निगम का छापा**

# संदिग्ध गतिविधियों की शिकायत पर रामेश्वरम लॉज सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम और तारबाहर पुलिस की संयुक्त टीम ने रविवार को निराला नगर, पुराना बस स्टैंड स्थित तीन लॉजों में औचक निरीक्षण कर बड़ी कार्रवाई की। जांच के दौरान संदिग्ध गतिविधियां और दस्तावेजी अनियमितताएं पाए जाने पर रामेश्वरम लॉज को तत्काल सील कर दिया गया। वहीं अन्य लॉज संचालकों को आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। कार्रवाई के दौरान कृष्णा लॉज, शर्मा लॉज और रामेश्वरम लॉज की जांच की गई। इस दौरान टीम ने बिल्डिंग परमिशन, ट्रेड लाइसेंस, गुमास्ता पंजीयन, फायर सेफ्टी और अन्य वैधानिक दस्तावेजों की जांच की। निरीक्षण में तीनों लॉज संचालक बिल्डिंग परमिशन से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके।

इन तीनों लाजों के बारे में पिछले काफी दिनों से शिकायत मिल रही थी। निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने शिकायत पर संज्ञान लेते हुए टीम को निरीक्षण के निर्देश दिए थे। लॉजों के रजिस्टर की जांच के दौरान स्थानीय लोगों और कपल्स को कमरे आवंटित किए जाने की जानकारी सामने आई। इससे संदिग्ध गतिविधियों की आशंका और मजबूत हुई।

रामेश्वरम लॉज में निरीक्षण के दौरान आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की गई, जिसके बाद निगम ने उसे तत्काल सील कर दिया। निगम की जांच टीम में डिप्टी कमिश्नर अंकुर पांडेय, अतिक्रमण शाखा से संतोष वर्मा, शिवबहादुर जायसवाल तथा संपदा शाखा से हरीश शास्त्री शामिल रहे। पुलिस और निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि शहर में संचालित लॉज, होटल और गेस्ट हाउसों की जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा।



- दस्तावेजों में पाई गई गड़बड़ी, अन्य लॉज संचालकों को नोटिस
- बिल्डिंग परमिशन, ट्रेड लाइसेंस, गुमास्ता पंजीयन, फायर सेफ्टी की जांच





### दस्तावेजों में मिली कई खामियां

निगम के डिप्टी कमिश्नर अंकुर पांडेय ने बताया कि कृष्णा लॉज ने गुमास्ता और ट्रेड लाइसेंस प्रस्तुत किया, जबकि शर्मा लॉज का ट्रेड लाइसेंस समाप्त हो चुका था और फायर सेफ्टी मानकों में भी कमी पाई गई। उन्होंने बताया कि विकास शर्मा द्वारा संचालित शर्मा लॉज और रामेश्वर होम्स में जीएसटी पंजीयन, ट्रेड लाइसेंस, गुमास्ता पंजीयन, बिल्डिंग परमिशन और फायर सेफ्टी संबंधी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं पाए गए। इसी वजह से रामेश्वर होम्स (रामेश्वरम लॉज) को सील किया गया। इधर स्थानीय लोगों का आरोप है कि इन लॉजों में नाबालिगों और कपल्स को कमरे उपलब्ध कराए जा रहे थे, जिससे क्षेत्र का माहौल प्रभावित हो रहा था। जांच के दौरान महिला पुलिस भी मौजूद रही और रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों की जांच की गई। नगर निगम ने तीनों लॉज संचालकों को सभी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

### संकरी गली में तान दी तीन मंजिला बिल्डिंग

जांच के दौरान सामने आया कि संकरी बिल्डिंग में तीन मंजिला लाज संचालित किया जा रहा था। लाज में न तो पार्किंग की व्यवस्था है और ना ही फायर सेफ्टी ही है।कमरों और परिसर में एयर पास होने की भी जगह नहीं है। ऐसे में सवाल है कि आखिर इतना बड़ा लाज इतने समय से चल कैसे रहा था।यदि इसका नक्शा पास है तो इसे पास किसने किया और नहीं तो बिना अनुमति बीच शहर में लाज संचालित कैसे हो रहा था। अधिकारियों के अनुसार शर्मा लॉज में 22 कमरे और रामेश्वर होम्स में 12 कमरे संचालित किए जा रहे थे। दस्तावेजों की आगे भी जांच की जाएगी और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर अतिरिक्त कार्रवाई की जाएगी।

---

**सफारी का आनंद लेने पहुंचे थे पर्यटक**


# एटीआर में बाघ को करीब से देख उत्साहित हुए सैलानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अचानकमार टाइगर रिजर्व में रविवार की शाम सैलानियों के लिए उस समय यादगार बन गई, जब जंगल सफारी में भ्रमण के दौरान उन्हें बाघ का बेहद रोमांचक और दुर्लभ दीदार हुआ। शाम करीब 5:20 बजे सफारी पर निकले पर्यटकों ने जंगल के प्राकृतिक परिवेश में बाघ को नजदीक से देखा। जैसे ही बाघ नजर आया, पूरे वाहन में उत्साह और रोमांच की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार, बेलगहना निवासी श्याम सुंदर तिवारी अपने पूरे परिवार के साथ अचानकमार टाइगर रिजर्व की सफारी का आनंद लेने पहुंचे थे। परिवार लंबे समय से जंगल के राजा के दर्शन की उम्मीद लेकर आया था और उनकी यह इच्छा उस समय पूरी हो गई, जब सफारी मार्ग पर बाघ दिखाई दिया। इस अप्रत्याशित मुलाकात ने पूरे परिवार की यात्रा को यादगार बना दिया। इस रोमांचक अनुभव को सुरक्षित और सफल बनाने में सफारी वाहन चालक शिवशंकर सोनवानी तथा गाइड निरंजन साकत की अहम भूमिका रही। उनके अनुभव और सतर्कता के कारण पर्यटक सुरक्षित दूरी से बाघ का अवलोकन कर सके।

पर्यटकों ने इस अद्भुत क्षण को अपने मोबाइल कैमरों में भी कैद किया। परिवार के सदस्यों ने बताया कि घने जंगलों, पक्षियों की आवाजों और प्राकृतिक वातावरण के बीच बाघ का दर्शन उनके जीवन के सबसे रोमांचक अनुभवों में से एक रहेगा। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी सदस्य इस सफारी को लेकर बेहद उत्साहित दिखाई दिए।



### गर्मी से राहत पाने एटीआर पहुंच रहे सैलानी

इन दिनों भीषण गर्मी से शहरी इलाके में जीना मुश्किल हो गया है। लगातार बिजली बंद होने से लोगों की समस्या और भी अधिक बढ़ी हुई है, ऐसे में लोगों को जंगल की सैर काफी राहत दिला रही है। अचानकमार टाइगर रिजर्व शहर के पास ही है, इसलिए बिलासपुर और आसपास के लोग एटीआर घूमने पहुंच रहे हैं। यहां लोगों को जंगल की शांति के अलावा ठंडक भी मिल रही है।

---

# शरीर को झुलसा रही भीषण गर्मी, उमस से सब हलाकान

**बिलासपुर।** रविवार को सूर्य की तेज किरणों ने घर से बाहर निकलने वालों को झुलसा दिया, वहीं आसमान में छाए बादलों के कारण गर्मी के साथ उमस के कहर ने बेहाल भी कर दिया, बार बार बंद होने वाली बिजली ने करेले में नीम का काम किया। लोग एसी और कूलर के सहारे गर्मी से राहत पाने का प्रयास करते रहे।

नौतपा के बाद भी तापमान कम नहीं होने से आम लोगों की मुसीबतें बढ़ी हुई हैं। गर्मी कम होने का नाम नहीं ले रही है, आसमान पर लगातार बादल छाए रहने के कारण गर्मी की मार दोहरी हो गई है। इससे उमस तो परेशान कर ही रही है, धूप की तेजी भी बहुत अधिक बढ़ जाती है, सुबह 10 बजे के बाद घर से बाहर निकलने वालों को तापमान बेहाल कर देता है। रविवार को भी शहर का अधिकतम तापमान 41 डिग्री दर्ज किया गया। दोपहर में गर्मी अधिक होने से लोग एसी, कूलर के सामने ही रहे, वहीं सड़कों का यातायात काफी कम हो गया। एक ओर गर्मी लोगों को परेशान करती रही, वहीं दूसरी ओर रह रहकर बंद होने वाली बिजली ने भी बेहाल कर दिया। रविवार को चांटापारा में सुबह 10 से 2 बजे के बीच कई बार बिजली आती व जाती रही, जिसके चलते लोगों को खासी परेशानी झेलनी पड़ी।



- अधिकतम तापमान 41 डिग्री, आसमान में छाए हैं बादल

खबर संक्षेप

## विधायक सुशांत ने किया पौधरोपण पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**बिलासपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज शासकीय उद्यान रोपणी, सरकंडा में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर विधायक श्री शुक्ला ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। स्वच्छ और हरित वातावरण के निर्माण के लिए प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के साथ-साथ पौधों की देखभाल भी उतनी ही महत्वपूर्ण है, तभी पर्यावरण संरक्षण का उद्देश्य सार्थक होगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, जिला पंचायत सभापति अनुसुइया जागेंद्र कश्यप, मोहित जायसवाल सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास का संदेश दिया। कार्यक्रम में शासकीय उद्यान रोपणी, सरकंडा के उद्यान अधीक्षक राकेश सेंडर, श्रवण साहू तथा शिव कुमार भास्कर भी उपस्थित रहे।

## सुशासन तिहार ने बदली जिंदगी की राह शशि को शिक्षा के लिए मिला सहयोग

**बिलासपुर।** आर्थिक चुनौतियों के बीच जीवन को बेहतर बनाने की राह तलाश रहे दो परिवारों के लिए सुशासन शिविर नई उम्मीद लेकर आया।





मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना से छात्रा शशि साहू को शिक्षा जारी रखने के लिए आर्थिक सहयोग मिला, वहीं किसान बहोरन लाल कौशिक को खेती-किसानी के लिए ऋण सहायता प्राप्त हुई। शासन की योजनाओं से मिली इस मदद ने न केवल उनकी तत्काल जरूरतों को पूरा किया, बल्कि उन्हें अपने भविष्य को लेकर नया आत्मविश्वास भी दिया। तखतपुर विकासखण्ड के गनियारी में आयोजित सुशासन शिविर में रानीपारा की शशि को मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के तहत 20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। शशि ने बताया कि उनके पिता मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं और आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण पढ़ाई जारी रखने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। योजना के तहत मिली सहायता राशि से उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि शासन की इस पहल से बेटियों को आत्मनिर्भर बनने और अपने सपनों को साकार करने में मदद मिल रही है। गनियारी के श्री बहोरन लाल कौशिक को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के माध्यम से 36 हजार रुपये की राशि का चेक प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि वे इस ऋण राशि का उपयोग खेती-किसानी से जुड़े कार्यों में करेंगे, जिससे कृषि उत्पादन बढ़ाने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि समय पर ऋण उपलब्ध होने से किसानों को आर्थिक संबल मिलता है और खेती के लिए आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था करना आसान हो जाता है। बहोरन लाल ने शासन की किसान हितैषी योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी योजनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

## डीपी महाविद्यालय के यूपेश छग राज्य दल के लीडर नियुक्त

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना परिवार डीपी विप्र महाविद्यालय बिलासपुर तथा समस्त छत्तीसगढ़ राज्य के लिए यह अत्यंत गौरव एवं हर्ष का विषय है कि महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी यूपेश कुमार का चयन राष्ट्रीय एकता शिविर 2026, मुकलान, हिसार (हरियाणा) में छत्तीसगढ़ राज्य दल के लीडर के रूप में किया गया है। यह उपलब्धि उनकी निरंतर मेहनत, उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता, समर्पण, अनुशासन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रति निष्ठा का परिणाम है। वर्षों से स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व विकास, सामाजिक सेवा, राष्ट्र निर्माण एवं युवा नेतृत्व को सशक्त बनाने के लिए उनके द्वारा किए गए कार्य आज पूरे राज्य के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। राष्ट्रीय एकता शिविर देश के विभिन्न राज्यों की संस्कृति, परंपराओं, भाषाओं एवं विचारों को एक मंच पर लाकर एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत करता है। ऐसे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय शिविर में छत्तीसगढ़ राज्य का नेतृत्व करना अत्यंत सम्मान और जिम्मेदारी का कार्य है। हमें पूर्ण विश्वास है कि आपके कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य दल अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा, संस्कृति एवं सेवा भावना का श्रेष्ठ प्रदर्शन करेगा तथा राष्ट्रीय स्तर पर नई उपलब्धियाँ प्राप्त करेगा। इस उपलब्धि पर डी.पी. विप्र महाविद्यालय परिवार, राष्ट्रीय सेवा योजना के समस्त स्वयंसेवक, पूर्व स्वयंसेवक, कार्यक्रम अधिकारी ने उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रेषित की है।

## पुरानी कॉपियां पुस्तकें दान कर शिक्षा की ओर कदम बढ़ाएं

**बिलासपुर।** लायंस क्लब संगम द्वारा अभियान चलाकर लोगों से पुस्तक - कापी दान, पुरानी कापियां, पुस्तकें दान कर शिक्षा की ओर एक कदम बढ़ाने का अनुरोध किया गया है। क्लब के सुरेश यादव ने बताया कि नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने वाला है। ऐसे में हम सभी शिक्षा के इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग दें। हमारे घरों में रखी पुरानी कॉपियों के बचे हुए उपयोगी पन्नों से नई कॉपियाँ तैयार की जा सकती हैं, जो उन बच्चों के लिए बेहद उपयोगी होंगी जो कॉपी खरीदने में असमर्थ हैं। यह अभियान लायंस क्लब बिलासपुर संगम द्वारा चलाया जा रहा है। जिसके लिए शहर में अपने काउंटर दिए गए है जहाँ लोग अपनी इन पुरानी पुस्तक कॉपियों को छोड़ सकते हैं। यह काउंटर है श्री गुरुनानक वस्त्रालय मुंगेली नाका, विजय स्टोर्स,सदर बाजार, राजेश बुक डिपो, गोल बाजार व ट्रिनिटी कंप्यूटर, कुबेर प्लाजा, अग्रसेन चौक में संपर्क कर दे सकते हैं। क्लब इन्हें एकत्र कर स्कूल खुलने के दिन ही वितरित करेंगे।क्लब के अध्यक्ष अश्विनी यादव ने कहा कि पुरानी कॉपियां -पुस्तकें को रद्दी नहीं, किसी बच्चे के भविष्य का आधार बनाएं।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अनूठी पहल

भेजी गई फोटो का सत्यापन होते ही मिल जाएगा रिचार्ज

# टोल प्लाजा के गंदे वॉशरूम की फोटो भेजिए और पाइए एक हजार का फास्टैग रिचार्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन के दौरान रास्ते में पड़ने वाले टोल प्लाजा पर वॉशरूम के इस्तेमाल के दौरान अगर वहां गंदगी मिली तो फोटो खींचकर सीधे राजमार्ग यात्रा एप पर फोटो अपलोड कर दीजिए। ऐसा करने से न केवल संबंधित टोल प्लॉजा प्रबंधन को बेहतर साफ-सफाई के लिए उच्च स्तर से फटकार लगाई जाएगी, बल्कि फोटो के माध्यम से सूचित करने वाले यात्री को बतौर ईनाम एक हजार रूपए का फास्टैग रिचार्ज भी दिया जाएगा।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय राजमार्गों में टोल प्लाजा पर स्थित शौचालयों में साफ-सफाई की व्यवस्था जांचने का जिम्मा मार्ग पर आवागमन करने वाले यात्रियों को ही सौंप दी गई है। टोल प्लाजा में शौचालयों की




साफ सफाई की जांच एनएचएआई के अधिकारी-कर्मचारी करें, इससे अच्छा सरकार ने यह काम उन्हें ही सौंप दिया है, जिन्हें शौचालयों का नियमित रूप से इस्तेमाल करना है। आवागमन करने वाले यात्रियों द्वारा शौचालयों के इस्तेमाल के दौरान सफाई व्यवस्था से असंतुष्ट होने पर सीधे एनएचएआई से शिकायत कर समाधान पाना एक बेहतर रास्ता है। योजना के अंतर्गत यात्रियों द्वारा RAJMARGYATRA APP डाऊनलोड कर एप में लॉगिन करने के बाद फीडबैक या ईश्यू रिपोर्ट सेक्शन में जाकर टोल प्लाजा से जुड़ी शिकायत दर्ज की जा सकेगी। इस दौरान फोटो अपलोड करते समय टोल प्लाजा का लोकेशन व अन्य जानकारियों को साझा करना होगा।

अपलोड की गई फोटो साफ व स्पष्ट रहे ताकि शौचालय में व्याप्त गंदगी स्पष्ट नजर आ जाए। भेजी गई फोटो की सत्यता अधिकारियों के द्वारा जांची जाएगी, जिसमें शिकायत सही पाए जाने की स्थिति में संबंधित यात्री को एक हजार रूपए के फोस्टैग रिचार्ज का लाभ दिया जा सकेगा। सरकार की इस योजना से यात्री न केवल लाभंवित हो सकेंगे, बल्कि साफ-सफाई को लेकर सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा भी बन सकेंगे।

### छत्तीसगढ़ में 25 टोल शिकायत एक भी नहीं

परिवहन मंत्रालय द्वारा प्रारंभ की गई इस योजना के अंतर्गत आज दिनांक तक टोल प्लाजा के वॉशरूम में गंदगी को लेकर न तो किसी यात्री के द्वारा कोई फोटो अपलोड की गई है, और न ही किसी को एक हजार का फास्टैग रिचार्ज ही मिल सका है। छत्तीसगढ़ में आज की स्थिति में 25 टोल प्लाजा हैं, जहां लगभग 50 वॉशरूम की व्यवस्था है। यहां से एक भी गंदे वॉशरूम की फोटो अपलोड नहीं हो पाना कहीं ना कहीं टोल प्लाजा के वॉशरूम में अच्छी सफाई व्यवस्था का परिणाम भी हो सकती है।

### सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता है

राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रियों को स्वच्छ एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। यदि किसी टोल प्लाजा पर शौचालय की सफाई या रखरखाव संतोषजनक नहीं है तो यात्री इसकी शिकायत कर सकते हैं। शिकायत सही होने पर संबंधित यात्री को प्रोत्साहन स्वरूप उनके फास्टैग खाते में एक हजार रूपए का रिचार्ज प्रदान किया जाएगा। यह पहल टोल प्लाजा में स्वच्छता मानकों को बनाए रखने व यात्रियों की सहभागिता बढ़ाने के लिए प्रारंभ की गई है।

**-मुकेश कुमार,** परियोजना निदेशक एनएचएआई पीआईयू बिलासपुर

निजी स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने पुस्तकें जल्द दिए जाने की मांग की

# 1700 निजी स्कूलों ने नहीं ली थीं सरकारी किताबें, डंप हो गई थीं हजारों

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकारी नियमों के अनुसार स्कूलों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक योजना का पालन करना अनिवार्य है, जिसके बावजूद निजी स्कूल निगम की किताबें नहीं उठाते हैं। पिछले साल प्रदेश भर के 1700 और जिले के 100 के करीब स्कूलों ने सरकारी पुस्तकें डीपों से नहीं उठाई थी।

इस कारण यह किताबें डंप रह गईं थीं। इस बार भी सवाल है कि क्या निजी स्कूल सरकारी पुस्तकों से पढ़ाई कराएंगे या फिर निजी प्रकाशकों की पुस्तकें चलेंगी। इधर प्रदेश में 16 जून से स्कूल खुलने जा रहे हैं लेकिन निजी स्कूलों को पुस्तकें 12 जून वितरित की जाएंगी। इसे लेकर छत्तीसगढ़ निजी स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव को पत्र लिखकर निजी विद्यालयों के लिए समय पर किताबें उपलब्ध कराने की मांग की है।

दरअसल सरकार की ओर से पहली से लेकर दसवीं कक्षा तक सभी छात्रों को किताबें मुफ्त में दी जाती हैं और सरकारी स्कूलों को किताबों का वितरण किए जाने के बाद बारी निजी



स्कूलों की आती है। निजी स्कूल एसोसिएशन का कहना है कि स्कूल खुलने में कुछ ही दिन शेष होने के बावजूद निजी स्कूलों के लिए किताबों की उपलब्धता का कोई स्पष्ट शेड्यूल जारी नहीं किया गया है। इधर पाठ्यपुस्तक निगम के अधिकारियों का कहना है कि 12 जून से निजी स्कूलों को भी किताबें दी जाएंगी। ध्यान रहे कि पिछले साल 1700 से अधिक निजी स्कूलों ने पाठ्यपुस्तक निगम की किताबें नहीं उठाई थीं। निजी स्कूलों का रवैया हर बार ऐसा ही रहा है, जिसके चलते सरकार को नुकसान हुआ है। वहीं यह भी सवाल खड़े होते रहे हैं कि निजी स्कूल सीजी बोर्ड की मान्यता वाली किताबें पढ़ा रहे हैं या नहीं।

### किताबों के कंटेट पर उठाते हैं सवाल

निजी स्कूलों के मुताबिक पिछले वर्ष भी निजी स्कूलों को सितंबर तक पुस्तकों की आपूर्ति होती रही थी, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हुई थी। इस बार भी समय से किताबें नहीं मिलेंगी तो आदेश का पालन करना मुश्किल होगा। इसके साथ ही निजी स्कूलों द्वारा पाठ्यपुस्तक निगम की किताबें नहीं उठाने के पीछे कई विवाद और कारण शामिल हैं। इसमें सबसे प्रमुख है किताबों के कंटेंट पर सवाल उठाना। निजी स्कूल प्रबंधन अक्सर छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम (या अन्य राज्य बोर्ड) द्वारा प्रकाशित किताबों की गुणवत्ता, कंटेंट और छपाई पर सवाल उठाते हैं। निजी स्कूलों के मुताबिक इससे बेहतर तो निजी प्रकाशकों की किताबों के कंटेंट हैं।

### निजी स्कूल चलाते हैं मनमानी बुकलिस्ट

इसके साथ ही निजी प्रकाशकों के व्यावसायिक हित, और शैक्षणिक सत्र में देरी जैसे मुद्दे भी इसमें शामिल हैं। निजी स्कूल अपनी मनमानी बुकलिस्ट चलाते हैं और निजी प्रकाशकों से महंगी किताबें खरीदने के लिए मजबूर करते हैं, जिसमें उनका भारी मुनाफा होता। इसके साथ ही कई बार राज्य शिक्षा विभाग बोर्ड परीक्षाओं का आधार सरकारी सिलेबस को बनाते हैं, जिस पर निजी स्कूल आपत्ति जताते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा तक खटखटा चुके हैं। हालांकि शिक्षा विभाग का कहना है कि इस बार स्कूलों में किताबें समय पर पहुंचाईं जा रही हैं। 12 जून से वितरण करते हुए कोशिश रहेगी की जून तक निजी और सरकारी सभी स्कूलों में किताबें पहुंच जाएं।

### किताबें पहुंचाने की कोशिश हो रही

स्कूल खुलने से पहले ही लगभग सभी सरकारी स्कूलों में किताबें पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। सरकारी प्राइमरी, मीडिल स्कूलों और संकुलों में किताबें वितरित किए जाने के बाद निजी स्कूलों को किताबों के लिए बुलाया जाएगा। स्कूलों में छात्र संख्या के हिसाब से किताबों की छपाई हो गयी है।

- विजय तांडे, जिला शिक्षा अधिकारी

# चाय से लेकर रात के खाने तक का सफर हुआ महंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

घरेलू एलपीजी गैस के दाम में रविवार से 29 रूपए की फिर बढ़ोतरी कर दी गई है। इस बढ़ोतरी के साथ ही अब गैस की कीमत 1030 रूपए जाएगी। सवाल यह नहीं है कि गैस महंगी हो गई। सवाल यह है कि सिर्फ गैस ही महंगी नहीं हुई है, बल्कि सुबह की चाय से लेकर रात के भोजन तक का सफर महंगा हो चुका है, जिसका असर घर,बाहर, होटल, रेस्टोरेंट, हॉस्टल के मेस पर भी नजर आएगा।

शहर में अब तक एक हजार एक रूपए की कीमत में मिलने वाली घरेलू रसोई गैस अब 29 रूपए की बढ़ोतरी के साथ 1030 रूपए की कीमत में मिलेगी। वैसे तो एक रसोई गैस औसतन एक महीने तक चलती है, जिससे यह कहा जा सकता है कि गैस के लिए एक महीने में केवल 29 रूपए ही अतिरिक्त देने होंगे, लेकिन इसके पीछे गहराई में जाने पर बाजार में होने वाले असर का पता चल सकेगा। आज की स्थिति में ज्यादातर होटल, ढाबों व फास्ट फूड सेंटरों में रसोई गैस का ही इस्तेमाल हो रहा है। ऐसे में इनकी कीमत बढ़ते ही अब सारे उत्पादों के रेट बढ़ा दिए जाएंगे, जिसका सीधा असर आम लोगों की जेब पर ही पड़ेगा।



- घरेलू एलपीजी गैस के दाम 29 रूपए बढ़े
- अब 1030 रूपए में मिलेगी

नाम नहीं छापने की शर्त पर रिवर व्यू में दुकान का संचालन करने वाले कुछ फास्ट फूड संचालकों ने कहा कि गैस की कीमतों में बढ़ोतरी का उन पर कोई असर नहीं हुआ है। सरकार चाहे तो गैस की कीमत और बढ़ा सकती है। उन्होंने कहा कि गैस की कीमत में बढ़ोतरी होते ही वे अपने उत्पादों के दाम में दो से दस रूपए की बढ़ोतरी कर देते हैं, जिससे गैस में हुई बढ़ोतरी ग्राहकों के पैसों से ही मेंटेन हो जाती है।

छोटे स्तर पर धंधा चलाने वाले उन व्यापारियों ने भले ही सहज भाव से इस बढ़ोतरी को पारिभाषित कर दिया, लेकिन उनका कहना बिल्कुल जायज है। बड़े होटल संचालक भले ही इस बात को स्वीकार न करें, लेकिन यह बात बिल्कुल सही है कि गैस की कीमतों में हुई बढ़ोतरी से न केवल घर के भीतर, बल्कि बाहर भी आम जनता की जेब ही कटने वाली है।

# पाटलीपुत्र संस्कृति विकास मंच के प्रवीण निर्विरोध अध्यक्ष, सुधीर सचिव चुने गए

**बिलासपुर।** पाटलीपुत्र संस्कृति विकास मंच के त्रिवार्षिक कार्यकाल के लिए रविवार को आयोजित आमसभा एवं चुनाव प्रक्रिया सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। संगठन के सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से वरिष्ठ उद्योगपति, समाजसेवी प्रवीण झा को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। वहीं सुधीर झा को पुनः सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। बिलासपुर छठ घाट परिसर में आयोजित इस बैठक में मंच की वार्षिक गतिविधियों, आय-व्यय के लेखाजोखा तथा भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की गई। तत्पश्चात नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया शुरू हुई, जिसमें सदस्यों ने अध्यक्ष पद के लिए प्रवीण झा के नाम का समर्थन किया। उनका चयन निर्विरोध रूप से किया गया। अध्यक्ष चुने जाने के बाद प्रवीण झा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि पूरे समाज के विश्वास और स्नेह का प्रतीक है। प्रवीण झा ने बताया कि 21 जून को नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह होगा। इसी अवसर पर अध्यक्ष एवं सचिव द्वारा संगठन के अन्य पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा भी की जाएगी। इस बैठक में धर्मेंद्र दास, गणेश गिरी, अशोक झा, अमरेंद्र कंठ, राघव झा, बीबी तिवारी,राम प्रताप सिंह,धनंजय झा, दिलीप चौधरी,हरिशंकर कुशवाहा,रौशन सिंह, पंकज सिंह,राजीव गिरी,बैद्यनाथ यादव, दिलीप श्रीवास, चंद्र किशोर प्रसाद,नागेंद्र सिंह,राहुल शर्मा, चंदन सिंह, शंकर कुंवर,मुकेश झा, रंजय सिंह, प्रमोद सिंह, जेपी सिंह, सुनील काका, रविंद्र कुशवाहा, शैलेन्द्र सिंह, कन्हैया चौधरी, पीएन लाल,हेमंत झा, भरत भूषण झा, मुखदेव यादव, अरविन्द सिंह, रामदेव यादव, शिव प्रसाद आगरे, राजकिशोर श्रीवास , लक्की ठाकुर, विशाल श्रीवास, रमेश श्रीवास, युगल किशोर झा, शशि मिश्रा, पीसी झा,सतीश सिंह, विनोद सिंहा, महेश झा, कमलेश सिंह, अनिल सिंह, विक्रम चौधरी आदि मौजूद थे।






## युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

**बिलासपुर।** घर के पास खड़े होकर बातचीत कर रहे एक युवक पर नकाबपोश युवक ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस नकाबपोश युवक की तलाश में जुट गई है।

सिरगिट्टी टीआई अभय ने बताया कि तिफरा कुंद्रापारा निवासी केवल गोस्वामी शनिवार की रात 10:30 बजे अपने घर के पास खड़े होकर घर के लोगों से बातचीत कर रहा था। इसी दौरान मुंह में कपड़ा बांधकर आए एक युवक ने उन पर अचानक चाकू से पीठ व पेट पर हमला कर दिया। उनकी पत्नी ने बीच बचाव करते हुए हमलावर को पकड़कर कपड़ा खींचा तो उसकी पहचान भोलू साहू उर्फ सर्किट के रूप में हुई। युवक महिला से हाथ छुड़ाकर भाग निकला। चाकूबाजी की वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घर वालों के द्वारा घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। चाकू बाजी की सूचना पर सिरगिट्टी पुलिस हमलावर की तलाश में जुट गई है। देर रात तक पुलिस हमलावर को नहीं पकड़ पाई थी।

# नीट एमडीएस में डा. आयुष को मिला आल इंडिया रैंक 10

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के प्रतिभाशाली युवा दंत चिकित्सक डॉ. आयुष साहू ने नीट एमडीएस - 2026 में अखिल भारतीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए आल इंडिया रैंक 10 प्राप्त कर प्रदेश गौरव बढ़ाया है। वे डॉक्टर विपिन वैश्य और नीलम वैश्य के सुपुत्र हैं। डा. आयुष अभी एआईआईएमएस दिल्ली में रेजिडेंट डाक्टर के रूप में सेवा दे रहे हैं। डॉ आयुष साहू ने अपना यूजी शासकीय डेंटल कालेज रायपुर से किया है। देश की सबसे प्रतिष्ठित एवं प्रतिस्पर्धी स्नातकोत्तर दंत चिकित्सा प्रवेश परीक्षाओं में से एक नीट एमडीएस में शीर्ष 10 में स्थान हासिल करना उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन, लगन और उत्कृष्ट शैक्षणिक क्षमता का प्रमाण है। डॉ. साहू की इस उपलब्धि पर उनके परिवार, गुरुजनों, मित्रों एवं शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा निरंतर अध्ययन और आत्मविश्वास को दिया है।



# इको क्लब के कोऑर्डिनेटर मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण



**बिलासपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय इको क्लब के कोऑर्डिनेटर तथा मास्टर ट्रेनरों का एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम रायपुर में सम्पन्न हुआ।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वित्त एवं पर्यावरण मंत्री छत्तीसगढ़ शासन ओपी चौधरी, पर्यावरण सदस्य सचिव राजू अगासीमनी व संगीता ने उत्कृष्ट इको क्लब के प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस कार्यक्रम में बिलासपुर जिले का प्रतिनिधित्व पानू हालदार कोऑर्डिनेटर भारत माता स्कूल, तीन मास्टर ट्रेनर सुशील पटेल शास उच्च माध्य विद्यालय मिट्ठू नवागांव, मनोज कुमार यादव पीएमश्री सेजेस विद्यालय चकरभाठा, सुनील शर्मा शास उच्च माध्य विद्यालय भांड़ी शामिल हुए । राज्य के 6 बेस्ट इको क्लब में बिलासपुर जिले के इको क्लब को प्रदर्शनी में शामिल किया गया । इस दौरान वित्त मंत्री ओपी चौधरी एवं सचिव के द्वारा इको क्लब का अवलोकन कर उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रेरित किये। इसे सफल बनाने में अमर प्रकाश सावंत व टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही । जिला शिक्षा अधिकारी विजय तांडे ने बताया कि इको क्लब के माध्यम से स्कूली बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता एवं संवेदनशीलता लाना हमारा मुख्य उद्देश्य है ।

बिलासपुर संभाग में 17 हजार शिक्षकों को देनी होगी टेट परीक्षा

# टीचर्स एसोसिएशन ने पूर्ण पेंशन के लिए किया डीपीआई का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छग टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा की अगुवाई में याचिकाकर्ता शिक्षक समूह द्वारा उच्च न्यायालय बिलासपुर के निर्णय अनुसार संविलियन पूर्व की सेवा गणना कर पूर्ण पेंशन प्रदान करने नीति निर्धारण एवं आदेश जारी करने की मांग को लेकर डीपीआई का घेराव किया गया। विभागीय स्तर पर पता चला है कि कोर्ट के निर्णय के आधार पर पेंशन देने का निर्णय नही लेते हुए सुप्रीम कोर्ट स्तर पर अपील करने के लिए शिक्षा विभाग प्रयासरत है।

एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा एवं प्रतिनिधि मंडल द्वारा स्कूल



शिक्षा विभाग के सचिव कमलप्रीत सिंह, उप संचालक अशोक नारायण बंजारा, उप संचालक लोक शिक्षण संचालनालय डॉ महेश नायक को ज्ञापन सौंपकर न्यायालयीन निर्णय अनुसार पूर्व सेवा से पेंशन देने, टीईटी का विभागीय परीक्षा करने, राजपत्र में संशोधन करने का मांग पत्र सौंपा गया। सचिव स्कूल शिक्षा ने कहा है कि शिक्षकों के लिए विभागीय टीईटी परीक्षा लिए जाने के संबंध में वैधानिक सलाह से रास्ता निकालने प्रयास किया जाएगा, पेंशन पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि न्यायालय के निर्णय एवं शासन की स्थिति का अवलोकन किया जा रहा है शिक्षकों का भी पक्ष आया है।

### शिक्षक पात्रता परीक्षा कराने की मांग

उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय की मंशा के अनुरूप शिक्षकों को टीईटी अर्हता प्राप्त करने के लिए पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराना आवश्यक है। श्री शर्मा ने बताया कि सचिव एवं संचालक से मांग किया गया है कि सेवाकालीन शिक्षकों (इन सर्विस टीचर्स) की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए पृथक विभागीय सीमित शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित करने पर भी गंभीरता से विचार किया जाए,,साथ ही टीईटी परीक्षा का वार्षिक कैलेंडर जारी कर नियमित अंतराल पर परीक्षा आयोजित की जाए, जिससे शिक्षकों को समय पर पात्रता प्राप्त करने का अवसर मिल सके, डीपीआई के घेराव में सभी जिले से पदाधिकारी शामिल हुए।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, सोमवार 8 जून 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255

कार्यक्रम

## ‘अमृत’ लिक्विड ट्री मॉडल से ऑक्सीजन का होगा उत्सर्जन



**बिलासपुर।** पर्यावरण संरक्षण के नवाचार की ओर कोचिंग डिपो द्वारा वायु प्रदूषण नियंत्रण एवं पर्यावरण संरक्षण विकसित ‘अमृत’ नामक अभिनव लिक्विड ट्री मॉडल का प्रदर्शन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के समक्ष किया गया। माइक्रोएल्गी आधारित यह प्रणाली प्रकाश संश्लेषण की प्राकृतिक प्रक्रिया के माध्यम से प्रदूषित वायु में उपस्थित कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर ऑक्सीजन उत्सर्जित करती है, जिससे वायु गुणवत्ता में सुधार होता है। इस मॉडल में माइक्रोएल्गी युक्त जल, एयर सेंसर, इंड्यूस्ड फैन एवं स्पार्जर का उपयोग किया गया है। मंडल यांत्रिक इंजीनियर पीयूष प्रताप सिंह ने बताया कि यह प्रणाली सीमित स्थान वाले शहरी क्षेत्रों, रेलवे स्टेशनों, बस टर्मिनलों एवं अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर वायु प्रदूषण नियंत्रण एक प्रभावी एवं टिकाऊ विकल्प सिद्ध हो सकती है। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि भविष्य में इस मॉडल को सौर ऊर्जा आधारित प्रणाली के रूप में विकसित करने की योजना है। महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने इस नवाचार की सराहना करते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण एवं हरित रेलवे की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। इस अभिनव मॉडल के परिकल्पना, विकास एवं सफल क्रियान्वयन में वरिष्ठ कोचिंग डिपो अधिकारी बलराम साहू, मंडल यांत्रिक इंजीनियर पीयूष प्रताप सिंह, यार्ड प्रभारी सोमनाथ साव तथा उनकी टीम का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा।

# पीएससी मेंस में गणित ने उलझाया तहसीलदारी व्यवस्था पर प्रश्न पूछे गए

**राज्य लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा दूसरे दिन भी दो पालियों में आयोजित की गई, सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक व दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक ली गई। रविवार को समान्य अध्ययन पेपर 3 व 4 की परीक्षा अभ्यर्थियों ने दी। मेंस की परीक्षा शहर के 5 केन्द्रों में आयोजित की गई 1 हजार 948 पंजीकृत अभ्यर्थियों में 1 हजार 840 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलवाई 108 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें।**

**बिलासपुर।** परीक्षार्थी अनमोल कश्यप ने बताया कि पेपर 3 आसान रहा मगर पेपर 4 में गणित के प्रश्नों ने परेशान किया है, इसमें पूछे गए प्रश्न बेहद कठिन थे, पेपर 3 अच्छा होने से नंबर बढ़ने की उम्मीद थी, मगर पेपर 4 में ने स्कोर बिगाड़ दिया है। इसमें छत्तीसगढ, संविधान, गणित व इतिहास विषय सबंधित प्रश्न पूछे गए। प्रश्न पत्र में ब्रिटिश काल में तहसीलदार व्यवस्था,उत्तरदायित्वपूर्ण सरकार से तात्पर्य व लाखा-बांटा प्रथा क्या थी इस तरह के सवाल पूछे गए।

बता दें की छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा 9 जून तक होगी। यह परीक्षा निर्धारित प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित की जाएगी। इसमें प्रथम पालीः प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगी। शहर के जेपी वर्मा कालेज, बिलासा गर्ल्स कालेज, मल्टीपरपस स्कूल, देवकीनंदन स्कूल और लाल बहादुर शास्त्री स्कूल में परीक्षाएं ली गई।



### पेड़ की छांव में कर रहे पढ़ाई

पीएससी का पेपर 4 के लिए अभ्यर्थियों को 2 घंटे का समय मिला तो भीषण गर्मी के बीच पेड़ की छांव में परीक्षार्थी पढ़ रहे है। तेज धूप के बावजूद अभ्यर्थियों का उत्साह कम नहीं हो रहा है। कई अभ्यर्थी पेड़ों की छांव, पार्कों और खुले स्थानों में बैठकर अध्ययन कर रहे थे। अभ्यर्थियों का कहना है कि समय का सदुपयोग करना जरूरी है। गर्मी की वजह से परेशानी जरूर होती है, लेकिन लक्ष्य हासिल करने के लिए कठिन परिस्थितियों में भी तैयारी जारी रखनी पड़ रही है।

विशेषज्ञों ने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे गर्मी के दौरान पर्याप्त पानी पीते रहें, हल्का भोजन करें और धूप में निकलने पर सिर को ढंककर रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए नियमित अध्ययन ही सफलता की कुंजी है।



### मेंस के बाद होगा इंटरव्यू

लोक सेवा आयोग की परीक्षा को क्वालीफाई करने तीन लेबल बनाएं गए है,जो अभ्यर्थी प्री,मेंस व इंटरव्यू में क्वालीफाई करता है, उनका चयन सीजी पीएससी में होता है। जिन अभ्यर्थीयों ने प्री एग्जाम को क्लीयर किया था,वे अब मेंस की परीक्षा दिलवा रहे है, इस परीक्षा को जो अभ्यर्थी क्लीयर करेंगे वे सीधे पीएससी के आखिरी स्तर इंटरव्यू में प्रवेश कर जाएंगे। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य के विभिन्न प्रशासनिक पदों के लिए यह परीक्षा लेता है, इसमें कुल 7 अनिवार्य प्रश्नपत्र होते हैं। प्रत्येक प्रश्नपत्र 200 अंकों का होता है और इसे हल करने के लिए 3 घंटे का समय दिया जाता है।







जागरूकता

## यातायात पुलिस द्वारा एनसीसी स्काउट गाइड कैडेड को प्रशिक्षण



**बिलासपुर।** पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के पर्यवेक्षण में लगातार आम नागरिकों में सड़क सुरक्षा के प्रति नियमित रूप से जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। शहर के विविध सार्वजनिक संस्थाओं, निकायों, विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, व्यापारिक, आद्योगिक संस्थाओं एवं जनमानस के एकत्रीकरण वाले समस्त स्थानों पर में विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कर जन जागरूकता अभियान संचालित की जा रही है। इसी क्रम में एनसीसी स्काउट गाइड के संभाग स्तरीय प्रशिक्षण पर 600 से अधिक स्काउट कैडेट को यातायात सुरक्षा तथा यातायात नियमों के संबंध में यातायात प्रशिक्षण शाला का आयोजन गुरु घासीदास विद्यालय के रजत जयंती सभा कक्ष में प्रदान की गई। बतादें की सड़क दुर्घटनाओं में सर्वाधिक प्रभावित आंकड़े युवा वर्ग का परिलक्षित होता है इसलिए जन जागरूकता अभियान के दौरान सर्वाधिक युवा वर्ग के समूह को जागरूक करने का लक्ष्य यातायात पुलिस बिलासपुर द्वारा निर्धारित करके क्रमशः सभी प्रकार के सार्वजनिक संस्थानों में संचालित की जा रही है ताकि लोगों में यातायात नियमों के प्रति संवेदनशीलता एवं गंभीरता तथा वाहन चलाते समय सुरक्षा मापदंडों एवं मानको का समुचित पालन करने की प्रवृत्ति का विकास हो सके।



## गजानन मंदिर में सामूहिक सत्यनारायण पूजन

बिलासपुर। गजानन मंदिर परिसर पारिजात कालोनी में महाराष्ट्र मंडल के सौजन्य से भानु सप्तमी के अवसर पर वैधृति योग के पावन तिथि को अत्यंत भक्ति भाव से परिपूर्ण युक्त हो अत्यंत उत्साह पूर्वक आनंद के साथ सामूहिक सत्यनारायण पूजन का आयोजन संपन्न हुआ।





# श्रद्धा महिला मंडल ने पौधे लगाकर प्रकृति संरक्षण के प्रति जताई प्रतिबद्धता

**विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर श्रद्धा महिला मंडल एसईसीएल बिलासपुर द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित जीवन शैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्साह एवं एक संकल्प के साथ पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मंडल की अध्यक्ष शशि दुहन सहित अन्य सभी सदस्यों ने भी पौधे लगाकर प्रकृति संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।**



विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौधरोपण अभियान

**बिलासपुर।** कार्यक्रम का शुभारंभ वसंत क्लब परिसर में श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा शशि दुहन ने पौधारोपण कर किया। महिला मंडल की उपाध्यक्षों एवं अन्य सदस्यों ने भी पौधे लगाए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सदस्यों एवं कर्मचारियों को फलदार पौधे व पर्यावरण के अनुकूल जूट के थैले वितरित किए गए।

इस पहल का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को पौधरोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करना था। श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्ष शशि दुहन ने अपने संबोधन में सभी से अधिकाधिक वृक्ष लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने श्रद्धा महिला मंडल की सभी क्षेत्रों में संचालित समितियों को आगामी मानसून सत्र के दौरान कम से कम 1000 पौधे लगाने का लक्ष्य भी दिया तथा इस अभियान को जनभागीदारी के माध्यम से व्यापक रूप देने पर बल दिया। इस मौके पर श्रद्धा महिला मंडल की सभी पदाधिकारी, सदस्याएं एवं एसईसीएल के कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### पर्यावरण संवर्धन में योगदान देने का लिया संकल्प

कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, हरित जीवन शैली एवं स्वच्छ वातावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। उपस्थित सभी सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

आयोजन

## ई. राघवेन्द्र राव की पुण्यतिथि पर सेनानी परिवार ने किया स्मरण



**बिलासपुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिवार संगठन द्वारा नगर के मई, जून में जयंती एवं पुण्य तिथि वाले राष्ट्रीय जन चेतना के संवाहक स्व. ई. राघवेन्द्र राव बैरिस्टर, सेनानी स्व. मुरलीधर मिश्रा, स्व. चिंतामणि ओत्तलवार, स्व. रामचरण साहू एवं स्व. श्यामानंद वर्मा का सेनानी परिवार ने स्मरण किया। कार्यक्रम संयोजक पूर्व विधायक चन्द्रप्रकाश बाजपेयी ने इनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत को भारत गढ़ने वाले अमर शहीद स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान की गाथा का वर्तमान पीढ़ी को स्मरण कराने की ज़रूरत है। वहीं उपस्थित सभी साथियों ने उत्तराधिकारी परिवार जनों को अन्य राज्यों में प्राप्त सुविधाओं के आधार पर छत्तीसगढ़ राज्य के लिए चर्चा, विचार विमर्श किया गया। नगर विधायक अमर अग्रवाल के प्रयास से सेवा सदन एवं शिव टाकीज रोड में नव निर्मित गार्डन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के जीवन लेख एवं नाम पट्टिका की सभी उत्तराधिकारियों ने स्वागत किया। उद्यान में नाम पट्टिका में उखड़ रही शिला लेख को स्टोन में अंकित करने की मांग की। सभी साथियों ने 4 अगस्त को स्व ई राघवेंद्र राव की 137 जयंती पर कार्य योजना बनाकर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने चर्चा की। संरक्षक बाबा ई रमेंद्र राव, डॉ शकुंतला जितपुरे, इंदर टहलियानी, सोनम साहू, अशोक रज्जन वर्मा, अनिल तिवारी, वाणी राव, डॉ उषा किरण बाजपेयी, डॉ शिवनाथ श्रीवास ने सेनानियों की स्मृति पर चर्चा की।

कार्नर न्यूज

# बांस शिल्प आर्ट से घर को दे रहे इकोफ्रेंडली टच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

घरों के साज-सजावट से एक सकारात्मक वातावरण बनाया जा सकता है, इसलिए आजकल लोग अलग-अलग थीम बेस्ड होम इंटीरियर डिजाइनिंग कराना पसंद करते हैं। इसी थीम बेस्ड होम डेकोर इंटीरियर डिजाइन में पारंपरिक बांस शिल्प आर्ट का चलन काफी बढ़ा है। शहर में आजकल घर के किसी खास हिस्से, जैसे बैठक हॉल, डायनिंग रूम, स्वीमिंग पूल, लॉन आदि जगहों को पारंपरिक ट्राइबल लुक देने के लिए बांस शिल्प आर्ट से बने सजावटी आइटम से सजा रहे हैं। बांस शिल्प आर्ट व डेकोर आइटम के विक्रेता से बांस शिल्प आर्ट से बने सजावटी सामानों के सिटी में डिमांड और उनकी कीमत के बारे में जानकारी ली गई। इसकी 200 रुपए कीमत से 2500 रुपए से अधिक तक के बांस शिल्प आर्ट सजावटी बांस के फर्नीचर, जैसे कि मेज, कुर्सी, बिस्तर और सोफे, अपनी मजबूत और टिकाऊ सामग्री के कारण लोकप्रिय हैं। बांस एक नवीकरणीय और टिकाऊ संसाधन है, इसलिए यह पर्यावरण के अनुकूल शिल्प है। बांस शिल्प कला कारीगरों को अपनी रचनात्मकता व्यक्त करने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका का एक महत्वपूर्ण साधन है, जो लोगों को रोजगार और आय के अवसर प्रदान करती है। बांस से बने फूलदान, लैंप, विंड चाइम और दीवार सजावट जैसे सजावटी आइटम भी अच्छी खासी डिमांड हो रही है।








### ऑफिस व होम डेकोर में बढ़ा चलन

बांस शिल्प आर्ट में आधुनिक मशीनें आने से कारीगरों को सजावटी सामानों को मनमुताबिक डिजाइन देने में सहूलियत हुई है। आर्डर के मुताबिक बांस शिल्प आर्ट की सजावटी आइटम बनाया जाता है। पिछले 5 सालों में लोग में बांस शिल्प आर्ट से बने सजावटी सामानों को लेकर रूझान बढ़ा है। वे घरों, ऑफिस, रेस्टोरेंट जैसी जगहों पर बांस शिल्प के सजावटी सामग्रियों से पारंपरिक लुक दे रहे हैं।

### महाराष्ट्र, बेंगलुरु गोवा तक धमक

बांस शिल्प आर्ट से बने सजावटी सामग्रियों की डिमांड शहर व प्रदेश के अलावा दूसरे राज्यों में भी है। महाराष्ट्र, बेंगलुरु, मध्य प्रदेश से लेकर गोवा तक सप्लाई की जाती है। यहां बांस की कलाकृतियों की अच्छी खासी डिमांड हैं। यहां बांस का गुलदस्ता, लैंप, आभूषण, पैन स्टैंड, टोकरी, लैंप, दीवार घड़ी आइटम की खूब मांग है।





# 70 दिन जेल में बंद डायरेक्टर ने देखा अलग हिंदुस्तान ...

**मुंबई।** हॉरर फिल्में बनाने वाले विक्रम भट्ट पिछले साल धोखाधड़ी के मामले में करीब 70 दिनों तक जेल में थे। उन्होंने अपने जेल के दिनों को याद करते हुए बताया कि उन्होंने जेल में एक अलग हिंदुस्तान देखा। विक्रभ भट्ट और उनकी पत्नी श्वेतांबरी भट्ट को दिसंबर 2025 में गिरफ्तार किया गया था। कपल पर आरोप था कि उन्होंने इंदिरा आईवीएफ के संस्थापक डॉ. अजय मुंडिया से उनकी दिवंगत पत्नी पर एक बायोपिक बनाने के नाम पर भारी रकम ली थी, लेकिन फिल्म नहीं बनाई। विक्रम भट्ट ने बताया कि वहां उनकी कई लोगों से दोस्ती हो गई थी। उन्होंने कुछ ऐसे दोस्त बनाए हैं जो जीवन भर के लिए उनके दोस्त बन गए।

लाइफ Style



# तापसी

## सिनेमा इंडस्ट्री में होता है उम्र को लेकर भेदभाव

तापसी पन्नू बड़े पर्दे पर ऐसी फिल्में करती हैं, जो महिलाओं से जुड़े मुद्दे उठाती हैं। असल जिंदगी में भी हर मुद्दे पर वह बेबाकी से अपनी राय रखती हैं। हाल ही में तापसी पन्नू ने एक्ट्रेस के साथ उम्र को लेकर किए जा रहे भेदभाव पर बात की है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

तापसी पन्नू ने हाल ही में एक अहम मुद्दे पर बात की है। वह महिला कलाकारों के साथ हो रहे भेदभाव का जिक्र करती हैं। खुद भी वह ऐसी ही चुनौती का सामना कर रही हैं। तापसी का कहना है कि बढ़ती उम्र के कारण उन्हें कुछ खास तरह के किरदार ऑफर ही नहीं हो रहे हैं, मेकर्स को लगता है कि वो ऐसे किरदारों के लिए बड़ी हैं। एक इंटरव्यू में तापसी पन्नू कहती हैं, 'जब तक आप इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाते हैं, तब तक आप 30 साल के हो चुके होते हैं। फिर वे कहते हैं कि आप रोमांटिक-कॉमेडी में काम करने के लिए उतने यंग नहीं हैं। लेकिन मेल एक्टर्स के मामले में ऐसा नहीं होता है। इंडस्ट्री में उम्र को लेकर भेदभाव एक बड़ी बात है।' आगे तापसी पन्नू कहती हैं, 'साउथ में भी मेरे साथ ऐसा होता था। जैसे ही मुझे किसी सीनियर एक्टर के अपोजिट कास्ट किया जाता, यंग एक्टर मेरे साथ काम नहीं करना चाहते थे।' तापसी फिर बॉलीवुड का जिक्र करते हुए कहती हैं, 'शाहरुख खान के बारे में तो आप ऐसी बात कहने की हिम्मत भी नहीं कर सकते हैं।' इस तरह तापसी ने जाहिर किया दिया कि उम्र को लेकर भेदभाव सिर्फ एक्ट्रेसेस के साथ होता है, मेल एक्टर्स के करियर पर उम्र बढ़ने का कोई असर नहीं होता है।

## हॉलीवुड मसाला



# वेडिंग सेलिब्रेशन पर मचा बवाल

**नई दिल्ली।** मशहूर गायिका दुआ लिपा ने ब्रिटिश एक्टर कैलम टर्नर से हाल ही में लंदन में एक प्राइवेट सिविल सेरेमनी में शादी रचाई थी। इसके बाद कपल ने एक लैविश सेलिब्रेशन किया जिस पर बवाल मच गया है। दरअसल, शादी के बाद दुआ लिपा और कैलम टर्नर ने इटली में तीन दिनों तक एक लैविश वेडिंग सेलिब्रेशन किया। अब उन्हें सेलिब्रेशन का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। हुआ यूं कि दुआ लिपा के लैविश सेलिब्रेशन के चक्कर में सिसिली के लोगों में गुस्सा फूट पड़ा।



# बैकरूम्स की कमाई देखकर हुए हैरान...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर निर्देशक स्टीवन स्पीलबर्ग अक्सर नई फिल्में देखतें हैं। जो फिल्में उन्हें अच्छी लगती हैं उनकी तारीफ करते हैं। हाल ही में नई रिलीज हुई हॉलीवुड फिल्में ऑब्सेस्ड और बैकरूम्स 79 साल के स्पीलबर्ग को बहुत पसंद आईं हैं। दोनों फिल्में कम बजट की हैं और अच्छी कमाई कर रही हैं। इसलिए उन्होंने दोनों फिल्मों की तारीफ की है। एक बातचीत में स्पीलबर्ग ने ऑब्सेशन और बैकरूम्स के बारे में कहा 'मैं उनके लिए बहुत खुश हूं। मुझे लगता है कि यह बहुत शानदार है।' उन्होंने जोश के साथ कहा, 'मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छी बात है कि उनके पास बहुत कम पैसे थे- खासकर ऑब्सेशन का बजट 1 मिलियन डॉलर (लगभग 8 करोड़ रुपए) से भी कम था और दूसरी फिल्म का बजट शायद नौ या दस मिलियन डॉलर (लगभग 86 करोड़ रुपए) था। फिर भी वे इतना अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। मैं उनकी तारीफ करता हूं।'



# को-एक्टर के गलत व्यवहार का किया खुलासा

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस प्रिया बापट ने अपने कॅरियर के शुरुआती दिनों का एक परेशान करने वाला किस्सा शेयर किया है। उन्होंने बताया कि उनकी डेब्यू फिल्म के एक गाने की शूटिंग के दौरान उनके को-एक्टर बार-बार उन्हें किस कर रहे थे, जिससे वह काफी परेशान हो गई थीं। एक इंटरव्यू में प्रिया ने बताया कि उन्होंने शुरुआत से ही इस किसिंग सीन को लेकर सवाल उठाए थे और स्क्रिप्ट रीडिंग के दौरान डायरेक्टर से इसकी जरूरत पर भी बात की थी। इस घटना को याद करते हुए 'मुन्ना भाई एम.बी.बी.एस' की एक्ट्रेस ने कहा, 'गाने के दौरान ऐसे कई मौके आए जब वह एक्टर बार-बार इम्प्रोवाइज कर रहा था और मुझे किस किए जा रहा था। और मैं पता नहीं क्यों, उस समय अपने लिए खड़ी नहीं हो पाई, क्योंकि मुझे समझ नहीं आ रहा था कि इस स्थिति को कैसे संभालूं।'



# अभय ने शेयर की बीटीएस तस्वीरें

**मुंबई।** 'मुंज्या' के दो साल पूरे होने पर अभय वर्मा ने फिल्म के सेट से कई बिहाइंड-द-सीन्स तस्वीरें शेयर कीं और एक इमोशनल नोट लिखकर उस सफर के लिए आभार जताया, जिसने उनकी जिंदगी बदल दी। अभय ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, 'मुंज्या के 2 साल!! इस दिन ने सब कुछ हमेशा के लिए बदल दिया। आज भी जब आप मुझे बिट्टू बुलाते हैं तो मेरा दिन बन जाता है और इस प्यार के लिए कुछ भी। आप सबने मुझे वो जिंदगी दी है, जिसका मैं सिर्फ सपना देख सकता था! जल्दी मिलते हैं।अभय वर्मा के वर्क फ्रंट की बात करें तो लाइकी लाइका और दिलकशी के अलावा वह शाहरुख खान की अगली बड़ी फिल्म किंग में भी नजर आएंगे। यह एक्शन-थ्रिलर फिल्म सिद्धार्थ आनंद डायरेक्ट कर रहे हैं।

## टीवी मसाला



# एकता के इन टीवी शोज ने बदल दी सीरियल्स की तकदीर

**नई दिल्ली।** भले ही धीरे-धीरे भारतीय टीवी शोज ओटीटी की तरफ शिफ्ट होने लगे हैं, लेकिन टीवी सीरियल्स की दीवानगी कम नहीं हुई है। सास बहू ड्रामा से लेकर घर-घर की कहानियों तक, एकता कपूर ने भारतीय टेलीविजन की दुनिया को फर्श से अर्श तक पहुंचाया है। एकता कपूर ने भारतीय टीवी शोज को दूरदर्शन के धारावाहिकों से बिलकुल अलग एंगल दिया और कई घरों में सैटेलाइट टीवी इसलिए पहुंचा, क्योंकि औरतें इन शोज के बारे में बातें करती थीं। क्योंकि सास भी कभी बहू थी : हम इस शो का नया सीजन आज भी टीवी पर देखते हैं। स्मृति ईरानी को टीवी की सुपरस्टार बनाने का क्रेडिट इसी शो को जाता है। साल 2000 का यह सबसे कामयाब शो था। स्मृति और एकता ने मिलकर टीआरपी के रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। कहानी घर घर की : यह वो सीरियल था जिससे हर दर्शक रिलेट कर पाता था। घर-घर की नोक-झोंक और मुश्किलों को जब एकता ने छोटे पर्दे पर उतारा तो दर्शक फौरन इस शो से जुड़ गए। साक्षी तंवर स्टारर यह शो आज भी लोगों को अच्छी तरह याद है। कसौटी जिंदगी की: एकता कपूर प्रोडक्शन का यह शो और इसके किरदार आज भी लोगों को याद हैं। कोमोलिका से लेकर प्रेरणा और अनुराग जैसे किरदार घर-घर में मशहूर हो गए थे और इस शो का बाद में एक नया सीजन भी लाने की कोशिश एकता ने की थी। पवित्र रिश्ता : सबके चहेते एक्टर सुशांत सिंह राजपूत को टीवी की दुनिया में चमकाने का काम एकता कपूर ने इसी शो के जरिए किया था। सुशांत और अंकिता लोखंडे की जोड़ी ने इस सीरियल के जरिए दर्शकों का दिल जीत लिया था। बड़े अच्छे लगते हैं : आपको उस दौर के जितने भी टीवी शोज के नाम याद हैं, ज्यादा संभावना इसी बात की है कि वो एकता कपूर ने बनाए थे।

## कहां गया शक्तिमान का डॉ जैकाल?

**नई दिल्ली।** 'शक्तिमान' में पॉपुलर कैरेक्टर्स में से एक 'डॉ जैकाल' भी था, जिसे लोग देखने के वक्त भले ही नफरत करते हो, लेकिन आज वह एक



यादगार किरदार बन चुका है। शो में 'डॉ जैकाल' का किरदार निभाने वाले अभिनेता ललित परिमू अभी अभिनय करते भी हैं और खुद का एक्टिंग स्कूल भी चलाते हैं। हाल ही में दूरदर्शन पर उनका नया शो 'सेठ पन्नालाल की बारादरी' प्रसारित हो रह है। शक्तिमान के अलावा सीआईडी, क्राइम पेट्रोल, हैदर, मुबारकन और एजेंट विनोद जैसी फिल्मों में नजर आए ललित परिमू ने सिद्धार्थ कनन से बातचीत में बताया कि जब वह 28 साल के थे, तो उन्होंने धर्मगुरु बनने के बारे में सोचा था। अभिनेता ने कहा, ध्यान, अध्ययन और योग के लंबे अभ्यास के कारण मैं धर्मगुरु बनने के बहुत करीब था। मैं एक ऑर्गेनाइजेशन के साथ जुड़ा हुआ था, जहां कुछ लोगों की टीम थी और वह मुझे लॉन्च करने के लिए तैयार थे। मैं दूसरी ही दुनिया में कदम रखने जा रहा था, जिस कारण मैंने टीवी और बॉलीवुड में काम करना कम कर दिया था।

# 60 की उम्र में शादी करने में क्या गलत है : राखी गुलजार

**मुंबई।** आमिर खान अपनी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट से जल्द शादी करने वाले हैं। आमिर ने खुद कन्फर्म किया है कि वह गौरी के साथ अपने रिलेशन का नेक्स्ट स्टेप लेने वाले हैं। आमिर के इस फैसले पर कई लोग हैरान हैं क्योंकि 60 की उम्र में वह तीसरी शादी करने वाले हैं। अब आमिर के इस फैसले पर एक्ट्रेस राखी गुलजार का रिएक्शन आया है। राखी ने कहा, '60 की उम्र में शादी करने में क्या गलत है? रोबर्ट डी निरो ने 2 बार शादी की थी और अब टिफनी चेन के साथ रिलेशनशिप में हैं, जिसके साथ उनकी बेटी भी है जिसका जन्म 2023 में हुआ था। उनका बच्चा तब हुआ जब वह 80 साल के थे। शादी में खुशी उम्र को लेकर नहीं होती है।' राखी ने आगे कहा कि उन्होंने कभी आमिर के साथ काम नहीं किया है, लेकिन वह जानती हैं कि आमिर काफी अच्छे इंसान हैं। उन्हें यह भी पसंद है कि कैसे आमिर ने तलाक के बाद अपनी दोनों एक्स वाइफ के साथ अच्छा रिलेशन रखा है। इससे पता चलता है वह इंसान कितने अच्छे हैं। बता दें कि आमिर ने शादी कन्फर्म करते हुए कहा था, 'मैं फिलहाल यूएस में ट्रैवल कर रहा हूं, लेकिन हां शादी की खबर सही है। हम 5 जुलाई को शादी करेंगे।' रिपोर्ट्स के मुताबिक आमिर और गौरी की शादी में सिर्फ क्लोज फ्रेंड्स और परिवार वाले शामिल होंगे।



आमिर जो पहले कहते थे कि शादी अभी उनके लिए जरूरी नहीं है, वह अब कह रहे हैं कि उन्हें और गौरी को लगता है कि वे अब अपने रिलेशन को एक स्टेप आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं। बता दें कि आमिर ने गौरी के साथ अपना रिलेशनशिप अपने 60वें बर्थडे में किया था। आमिर ने कहा था कि दोनों कुछ समय से साथ हैं और एक-दूसरे के साथ खुश हैं। आमिर की प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो वह लास्ट सितारे जमीन पर में नजर आए थे जिसमें उनके साथ जेनेलिया डिसूजा थीं। फिल्म सुपरहिट थी। अब आमिर की बतौर एक्टर किसी फिल्म की अनाउंसमेंट नहीं हुई है, लेकिन बतौर प्रोड्यूसर उनकी फिल्म आ रही है बंटवारा 1947 जिसमें सनी देओल और प्रीति जिंटा लीड रोल में हैं।

# सनी की फिल्म लाहौर 1947 का नाम बदलकर हुआ 'बंटवारा'

**मुंबई।** सनी देओल की इस साल की बड़ी पीरियड ड्रामा फिल्म, जिसका पहले नाम 'लाहौर 1947' था, कथित तौर पर इसके नाम में बड़ा बदलाव किया गया है। राजकुमार संतोषी की निर्देशित और आमिर खान प्रोडक्शंस की बनाई इस फिल्म का नाम बदलकर 'बंटवारा' कर दिया गया है। नए नाम से फिल्म को लेकर उत्सुकता पहले ही बढ़ चुकी है, वहीं आमिर खान के इस नाम के राइट्स हासिल करने के बारे में नए खुलासे सामने आए हैं।

एक रिपोर्ट के अनुसार, 'बंटवारा' के टाइटल के राइट्स दिवंगत निर्माता सलीम अख्तर के परिवार के पास थे, जिन्होंने 1989 में इसी नाम की फिल्म बनाई थी। खबरों के मुताबिक, आमिर




खान ने व्यक्तिगत रूप से परिवार से मुलाकात करने के बाद ये राइट्स हासिल किए। एक सूत्र ने पोर्टल को बताया, 'फिल्म की टीम इस बात पर अड़ी थी कि वे फिल्म का नाम लाहौर 1947 नहीं रखना चाहते थे। उन्होंने पहले 'बंटवारा 1947' नाम तय किया था। लेकिन बाद में सभी इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि फिल्म का नाम सिर्फ 'बंटवारा' ही होना चाहिए। हालांकि, '1947' हटाकर सिर्फ 'बंटवारा' रखने का मतलब था टाइटल के राइट्स हासिल करना।'

## टाइटल के राइट्स सलीम के परिवार के पास

सूत्र ने आगे बताया कि टीम को बाद में पता चला कि टाइटल के अधिकार सलीम अख्तर के परिवार के पास थे, क्योंकि उन्होंने 1989 में फिल्म 'बंटवारा' बनाई थी। अंदरूनी सूत्र ने आगे कहा, 'टीम को पता चला कि सलीम अख्तर के परिवार के पास टाइटल के अधिकार हैं, क्योंकि निर्माता ने 'बंटवारा' (1989) बनाई थी। दिग्गज फिल्म निर्माता करीम मोरानी ने आमिर खान और सलीम अख्तर के बेटे समद की मुलाकात कराने में मदद की। दरअसल, आमिर समद के घर गए और उनकी मां और सलीम साहब की पत्नी शमा से भी मिले।' रिपोर्ट के अनुसार, 'यह मुलाकात अच्छी रही। बताया जाता है कि आमिर ने परिवार को सलीम अख्तर के साथ 1995 में रिलीज हुई फिल्म 'बाजी' में काम करने के अपने अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने यह भी समझाया कि फिल्म के विषय के लिए 'बंटवारा' टाइटल क्यों सटीक है। अख्तर परिवार ने उनकी बात समझी और इसलिए उन्होंने आमिर को फिल्म के राइट्स बेच दिए।'

## हर दृश्य सस्पेंस पैदा करता है कि कहीं सामने मौजूद पात्र तो नहीं है खूनी

# 60 साल पुरानी यह कल्ट फिल्म मिस्ट्री थ्रिलर में है सबसे अनोखी

*मुंबई। राज खोसला साहब को सस्पेंस थ्रिलर फिल्मों को खूबसूरती से फिल्माने में महारत हासिल थी। वे अल्फ्रेड हिचकाक के प्रशंसक थे, पर खुद खोसला साहब की सस्पेंस थ्रिलर फिल्मों में एक नया ही स्टाइल दिखता है। सामान्यत: अल्फ्रेड हिचकाक की फिल्मों में आरंभिक दो-तीन दृश्यों में ही मर्डर सामने आता है, फिर शुरू होती है हत्यारे तक पहुंचने की गुत्थी सुलझाने की कोशिश। हर दृश्य सस्पेंस पैदा करता है कि कहीं खूनी सामने मौजूद पात्र तो नहीं है। ये उनकी फिल्मों की खासियत थी, अब आप राज खोसला साहब की सस्पेंस फिल्मों को देखिए। 'मेरा साया' फिल्म में कोई मर्डर नहीं होता। हालांकि, पहले ही दृश्य में सुनील दत्त जी के पात्र राकेश की पत्नी गीता बनीं साधना को उनकी ही बाहों में दम तोड़ते देखा जाता है। गम का माहौल है।*



## फिल्म की कहानी

फिर कुछ ही दृश्यों में एक नई पहेली खड़ी हो जाती है। साधना की हमशक्ल डकैत को पुलिस सामने लेकर आती है, पर उसका दावा है कि वह राकेश की पत्नी है। इस दावे का सच सामने लाने की गुत्थी सुलझाने की कोशिश में मामला अदालत पहुंचता है। हर दृश्य से सस्पेंस बढ़ता है। एक ओर सुनील दत्त हैं जो जब गवाह के रूप में विटनेस बॉक्स में आते हैं तो उनका अंदाज अलग दिखता है, पर जब काला कोट पहनकर अदालत में जिरह करते हैं तो लगता है मानो अलग इंसान सामने है। वहीं, साधना को देखिए, सामान्यतः ऐसी परिस्थिति में महिला बेबस महसूस करती है, पर साधना एक सशक्त स्त्री के तौर पर सामने आती हैं। जब वो ये कहती हैं कि मुझे अपने पति से अकेले में कुछ बात करनी है। जज उनकी बात को मान लेते हैं और दोनों को अकेले में बात करने के लिए कुछ समय दिया जाता है। एकांत में वार्तालाप के उस दृश्य में कोई संवाद नहीं हैं। बस दोनों के चेहरे पर एक्सप्रेशन दिखते हैं।

## कमाल का था राज खोसला का निर्देशन

राज खोसला साहब जैसे फिल्मकार विरले ही हैं। उनकी फिल्ममेकिंग की खूबी थी कि कैमरे और लाइटिंग उपकरणों को एक जगह प्लेस करते थे, उसके सामने की चीजें बदलती रहती थीं जैसे पर्दे या फर्नीचर बदल दिया। कैमरे का एंगल ऊपर-नीचे होता था, पर उसकी पोजिशनिंग वही रहती थी। फिल्म 'बॉबी' के दौरान जब मैं राज कपूर को असिस्ट कर रहा था तो उन्हें भी ऐसे ही फिल्मांकन करते देखा था। वो भी कैमरे को एक जगह सेट करते थे और उसके सामने की चीजें बदलते रहते थे। फिल्मांकन का ये तरीका अपनाने पर समय की काफी बचत होती थी। जो शूटिंग कई दिन का समय लेती थी, उसे वे महज कुछ ही घंटों में पूरा कर लेते थे।

## क्लाइमैक्स करता है शॉक

जब सुनील दत्त कमरे से निकलते हैं तो उनके मुंह से एक शब्द निकलता है इंपॉसिबल। बिना संवादों के ही बहुत कुछ कह जाने वाला ये क्लाइमेक्स जबरदस्त था। राज खोसला साहब की फिल्मों की जान होता था संगीत। यह शायद इस वजह से भी था कि वह संगीत जगत में कॅरियर बनाने के इरादे से मुंबई आए थे, पर किस्मत को तो कुछ और ही मंजूर था। गुरु दत्त और देव आनंद के साथ जुड़कर बतौर निर्देशक उन्हें फिल्म 'सीआईडी' से पहचान मिली। हालांकि, संगीत से लगाव कम नहीं हुआ। उनकी फिल्म में संगीत भी कहानी की लय में चलता था।

## संगीत हुआ अमर

'मेरा साया' फिल्म के साथ भी ऐसा ही है। फिल्म की कहानी में सस्पेंस है, पर पति-पत्नी के बीच फ्लैशबैक में दिखता रोमांस और मदन मोहन का मधुर संगीत फिल्म की जान है। रजा मेहदी अली खान साहब द्वारा लिखे 'झुमका गिरा रे' गाने में साधना के सिर्फ डांस स्टेप्स ही नहीं, बल्कि चेहरे के भाव भी उसे खास बनाते हैं। इसमें डांस कोरियोग्राफी से इतर निर्देशक का ही नजरिया झलकता है। आजकल तो बैकग्राउंड डांसर्स की भीड़ रहती है। पापा (एच.एस. रवेल) की फिल्म 'मेरे महबूब' के दौरान साधना से मेरी मुलाकात हुई थी। उनका अभिनय, स्टाइल और एलीगेंस कमाल का था।

## खबर संक्षेप

### बांस डिपो में जनसमस्या निवारण शिविर आज

**लोरमी।** नगर के वार्ड क्रमांक 16 स्थित वन विभाग के बांस डिपो में 8 जून को सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक सुशासन तिहार अंतर्गत जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। नगर पालिका परिषद द्वारा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने हेतु जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सीएमओ चंदन शर्मा ने समस्त नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ लेने का अनुरोध किया है।

### पुरुषोत्तम मास में आयोजित सुंदरकांड व गीता पाठ संपन्न

**बिल्हा।** पुरुषोत्तम मास में अग्रसेन चौक निवासी कुसुम लता अग्रवाल स्व. किशोर कुमार अग्रवाल के



निवास पर इनके बच्चे कृति अग्रवाल और उत्तम चंद्र अग्रवाल ने सुंदरकांड पाठ और श्रीमद्भागवत गीता के 12 और 15 अध्याय का पाठ का आयोजन किया। इसके समापन पर भजन कीर्तन और प्रसाद वितरण किया गया। श्रीधर शर्मा महाराज के द्वारा पूजा पाठ कराया गया। इस अवसर पर नितिन दुबे, मीना मित्तल, अनिल शर्मा, दिव्य अग्रवाल, कयान अग्रवाल सहित आसपास के नागरिक उपस्थित रहे।

### मुंगेली के दौरे पर रहे जनता कांग्रेस अध्यक्ष अमित



**सेतगंगा/मुंगेली।** कांग्रेस जे. छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी गत दिवस अपने अल्प प्रवास पर विधानसभा क्षेत्र मुंगेली के अंतर्गत फास्टरपुर पहुंचे। जहां पंडित चौक तालम फास्टरपुर में नेम सिंह बोगी के नेतृत्व में स्वागत किया गया। श्री जोगी ने क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक और राजनीति परिवार से सौजन्य मुलाकात की। क्षेत्र के वरिष्ठजनों पूर्व विधायक चंद्रभान बारमते, अनिश सेमुएल मसीह, विष्णु जायसवाल का कुशलक्षेप जाना। वहीं फास्टरपुर कैथनवागांव में प्रस्तावित एथेनॉल प्लांट निर्माण के विरोध करने वाले जनप्रतिनिधि, ग्रामीणों और महिलाओं से मुलाकात की। निर्माणाधीन एथेनॉल प्लांट के सन्दर्भ में विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीणों और महिलाएं बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस अवसर पर नेमसिंह बोगी, हेमंत आहिरे, शशी मोहले, शांति सागर, अल्फास मसीह सहित अन्य मौजूद रहे।

### चाकू लहराकर लोगों को डराने वाला गिरफ्तार

**बोदरी।** ट्रांसपोर्ट नगर पार्किंग चकरभाठा के पास धारदार चाकू लहराते हुए आम लोगों को डराने धमकाने वाले बदमाश को चकरभाठा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चकरभाठा थाना प्रभारी भावेश शेडे ने बताया कि 6 जून को ट्रांसपोर्ट नगर पार्किंग चकरभाठा के पास देवा कुर्रे धारदार चाकू लहराते हुए लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने बदमाश को अभिरक्षा में लेकर उसके कब्जे से एक धारदार लोहे का चाकू जब्त किया है। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत विधिवत कार्रवाई कर न्यायालय पेश किया गया।

## निधन

### अशोक राठौर



**बिलासपुर।** लक्ष्मी निवास लोधीपारा सरकंडा निवासी अशोक राठौर का रविवार 7 जून को शाम 6 बजे निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 8 जून को दोपहर 12 बजे उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अनिल, निखिल, अनीता के पिता थे।

### रिया नरसिंग



**बिलासपुर।** दयालबंद निवासी रिया नरसिंग का 7 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 8 जून सुबह 11 बजे दयालबंद स्थित मधुबन मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे रविश नरसिंग की पत्नी थीं।

### हाजी अब्दुल खालिक



**बिलासपुर।** तैबा चौक तालापारा निवासी हाजी अब्दुल खालिक (बल्लू मिस्त्री) का 7 जून को निधन हो गया। उनके जनाज़े की नमाज़ 8 जून को नमाज़-ए जोहर रहमत बाग़ कब्रिस्तान खामोशगंज में अता की जाएगी। वे शानू,रानू और साबिर के वालिद थे।

### किशोरी देवी गुप्ता



**बिलासपुर।** कुदुदंड शिव चौक निवासी किशोरी देवी गुप्ता का 7 जून को निधन हो गया। वे 82 वर्ष की थीं। उनकी अंतिम यात्रा 8 जून को सुबह 11 बजे उनके निवास से सरकंडा मुक्ति धाम के लिए रवाना होगी। वे सुरेश गुप्ता, राजेश गुप्ता, दुर्गेश गुप्ता की माता थीं।

---

विश्व साइकिल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए पुलिसकर्मी

# नियमित साइकिलिंग करने और शारीरिक गतिविधियों को अपनाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



सायकल रैली में शामिल पुलिसकर्मी।

विश्व साइकिल दिवस पर पुलिस द्वारा सण्डे ऑन सायकल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फिट इंडिया मूवमेंट के तहत जिले के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर नगर में साइकिल रैली निकालकर आमजन को स्वास्थ्य एवं फिटनेस के प्रति जागरूक किया। पुलिस के 90 अधिकारी-कर्मचारियों का फिट इंडिया पोर्टल में पंजीयन कराया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली मुंगेली एवं थाना लोरमी में सण्डे ऑन सायकल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा एवं उप पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह के मार्गदर्शन में जिले के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिये। मुंगेली में रक्षित निरीक्षक नरगिस ख्रिस्ट तिग्गा बघेल एवं थाना सिटी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कार्तिकेश्वर जांगड़े के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली परिसर से साइकिल रैली का शुभारंभ किया गया। रैली थाना सिटी कोतवाली से प्रारंभ होकर दाऊपारा चौक, रेस्ट हाउस, लोरमी तिराहा एवं पड़ाव चौक होते हुए पुनः थाना सिटी कोतवाली पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान मुंगेली पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारियो के द्वारा साइकिलिंग करते हुए नागरिकों को नियमित व्यायाम, साइकिलिंग एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस द्वारा इस अभियान को सफल बनाने हेतु जिले के कुल 90 अधिकारी-कर्मचारियों का पंजीयन फिट इंडिया पोर्टल में कराया गया। कार्यक्रम में शामिल सभी प्रतिभागियों ने स्वस्थ एवं फिट भारत के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने तथा नियमित रूप से साइकिलिंग एवं शारीरिक गतिविधियों को अपनाने का संकल्प लिया। पुलिस द्वारा भविष्य में भी फिट इंडिया अभियान के उद्देश्यों के अनुरूप स्वास्थ्य, फिटनेस एवं जनजागरूकता संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहेगा।

### संडे आन सायकल रैली: युवाओं ने चलाई सायकल

**लोरमी।** फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत आम जनमानस में फिटनेस, स्वास्थ्य जागरूकता एवं नियमित शारीरिक गतिविधियों के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्मित के उद्देश्य से विश्व साइकिल दिवस पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा सायकल रैली का आयोजन किया गया। विकासखण्ड खेल केन्द्र पुराना बस स्टैंड से मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा ने हरी झण्डी दिखाकर सायकल रैली को रवाना किया। सायकल चारखम्भा चौक, मामा भांजा होटल चौक से मंगल भवन रोड से नहर पुल होते हुए पुनः विकासखण्ड खेल केन्द्र में पहुंची। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र सलूजा, सभापति, शशांक वैष्णव पार्षद, घनश्याम यादव पार्षद प्रतिनिधि, अखिलेश वैष्णव, थाना प्रभारी, सुबोध कुमार सिंह नोडल अधिकारी खेल विभाग, युगल राजपूत, दयाराम साहू, सूर्यकान्त शर्मा, मुकेश राठौर, नरेंद्र पाटकर, राजेश पाटले, जितेंद्र साहू, यश शर्मा, अमन मिरी, अनुराग बंजारे, शिक्षक, पुलिस कर्मी व स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

## सफाई अभियान में जुटे भाजपा कार्यकर्ता



**मुंगेली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 12 साल विकास का, बदलता भारत बढ़ता भारत अभियान के अंतर्गत जिला अस्पताल परिसर में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता एवं जनसेवा का संदेश दिया।

स्वच्छता अभियान के दौरान जिला अस्पताल परिसर की सफाई की गई तथा आमजन को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में स्वच्छता की महत्वपूर्ण भूमिका है और प्रत्येक नागरिक को इसमें अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, वरिष्ठ नेता गिरीश शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडे, प्रदेश समिति सदस्य व पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेष पाठक, नगर पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष सुनील पाठक, जिला प्रवक्ता एवं जिला संयोजक स्वच्छता अभियान मिट्ठूलाल यादव (भागीरथी), जिला मीडिया प्रभारी रामशरण यादव, नगर मंडल अध्यक्ष सौरभ बाजपेयी, नगर मंडल महामंत्री महावीर सिंह, मन्नू श्रीवास्तव, अनूप जैन, लेखू साहू, विजय यादव, महेश यादव, होरीलाल सोनकर सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा मंडल पथरिया ने चलाया स्वच्छता अभियान



**पथरिया।** भारतीय जनता पार्टी मंडल पथरिया द्वारा 12 साल विकास का, बदलता भारत–बढ़ता भारत अभियान के अंतर्गत महामाया मंदिर वार्ड क्रमांक 5 एवं मंझली तालाब के पास विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया तथा नागरिकों से अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा, मंडल अध्यक्ष संजय राजपूत, विधायक प्रतिनिधि रघु वैष्णव, नगर पंचायत उपाध्यक्ष मनोज पांडेय, पूर्व नपं अध्यक्ष जसपाल छाबड़ा ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण संकल्प है। स्वच्छ, स्वस्थ एवं विकसित भारत के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। सभी ने प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने तथा विकसित भारत के निर्माण में अपना सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जनभागीदारी अध्यक्ष गणेश प्रसाद सोनी, बलराम जायसवाल, रविन्द्र बघेल, राजेन्द्र निर्मलकर, इन्द्रजीत यादव, ओमू दीवान, महेन्द्र गुप्ता, रामशरण पटेल, छोटू पाली, उत्तम यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नया तरिया, तालाब गहरीकरण और पचरी निर्माण कार्यों का एसडीओ ने किया निरीक्षण

**सीपत।** रोजगार दिवस पर मनरेगा कार्यस्थलों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान श्रमिकों, जनप्रतिनिधियों एवं पंचायत अमले ने प्रधानमंत्री के एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरित होकर बेल का पौधा रोपित किया तथा पर्यावरण संरक्षण और वृक्ष संवर्धन का संकल्प लिया।



सीपत में चार स्थानों पर इंजेक्शन वेल-पर्कुलेशन डबरी निर्माण, नया तरिया निर्माण, पचरी निर्माण तथा तालाब गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इन निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति का जायजा लेने मस्तूरी जनपद पंचायत के एसडीओ अमित बंजारे ने कार्यस्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने श्रमिकों, मेट और पंचायत अमले से चर्चा कर कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप एवं समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। सरपंच मनीषा योगेश वंशकार ने कहा कि पंचायत का प्रयास है कि मनरेगा के माध्यम से अधिक से अधिक ग्रामीणों को रोजगार मिले और गांव में विकास कार्यों की गति भी बनी रहे। पंचायत सचिव हेमंत पटेल ने बताया कि पंचायत क्षेत्र में चल रहे सभी कार्यों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है।

## पांचवीं से बारहवीं तक के मेधावी बच्चे हुए सम्मानित

**सीपत।** गोंडवाना आदिवासी समाज कर्मचारी संघ द्वारा रविवार को लुतरा स्थित आदिवासी समाज भवन में आदिवासी प्रतिभा उत्साहवर्धन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में




पांचवीं, आठवीं, दसवीं एवं बारहवीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासभा केंद्र जेवरा के महासचिव जीपी राज, विशिष्ट अतिथि लुतरा मंडल अध्यक्ष भागवत आर्मोर, लुतरा प्रमंडल अध्यक्ष भागीरथी पोर्ते, प्रमंडल बसहा अध्यक्ष मोहन पावले, सीपत प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रदीप पांडेय , लुतरा सरपंच चंद्रमणि मरावी, गुहाराम आर्मोर, चंदलाल कमरों, नारायण सिंह मरावी, ईश्वर सिंह सरुता, कार्तिक मरावी सहित समाज के अनेक वरिष्ठजन मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेंद्र पोर्ते ने की। कार्यक्रम का संचालन भूनेश्वर सिंह मरावी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पुष्कर मरावी, जयतराम मरावी, पन्नालाल मरावी, रविंद्र आर्मोर, संतोष राज, नरेंद्र मरावी, शिव नारायण आर्मोर, सुहावन उईके, प्रीतम पोर्ते, शैल सरूता, धनैया मरावी, सावित्री पोर्ते, सीता पोर्ते, अनुमा आर्मोर सहित कर्मचारी संघ के सभी सदस्यों तथा समाज के लोगों का विशेष योगदान रहा।

## सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति ने मेधावी छात्रों का किया सम्मान



**पेंड्रा।** जिले में सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति ने मेधावी छात्रों के लिए 6 जून को मल्टीपरपज स्कूल स्थित असेंबली हॉल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य सरस्वती शिशु मंदिर में पढ़ने वाले उन छात्र-छात्राओं को सम्मानित करना था, जिन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव थे। उन्होंने मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया, साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्या भारती छत्तीसगढ़ प्रांत के संगठन मंत्री डॉ. देवनारायण साहू मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे और बच्चों का मार्गदर्शन किया। मरवाही विधायक प्रणव मरपच्ची और सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति छत्तीसगढ़ प्रांत की उपाध्यक्ष दिव्या चंदेल विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति जीपीएम के अध्यक्ष डॉ. नीरज जैन ने की। समिति के जिला उपाध्यक्ष अशोक जैन, रामजी श्रीवास, जिला सचिव प्रकाश नामदेव सहित अन्य मौजूद थे।

## डिडनेश्वरी देवी के 36वें पुनर्स्थापना दिवस पर निकली शोभायात्रा

**मल्हार।** डिडनेश्वरी देवी के 36 वें पुनर्स्थापना दिवस पर रविवार को विशेष पूजन व आराधना हुई। शाम को नगर में परम्परानुसार शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें मंदिर के नए कलेवर को आकार देने वाले पर्यटन मण्डल के पूर्व सदस्य अजय शर्मा विशेष रूप से शामिल हुए।



उल्लेखनीय है कि सन 1991 की चोरी की घटना के बाद प्रतिमा मिलने पर मां के विग्रह का 7 जून 1991 को स्व. पण्डित टीकाराम शास्त्री ने विधिपूर्वक पुनर्स्थापना कराई थी तब से लेकर यह परम्परा रही है कि कभी नहीं भूलने वाले इस दिवस को श्रद्धाभक्ति के साथ मनाते हैं। मान्यता है कि प्रति वर्ष इसी दिन माता डिडनेश्वरी नगरवासियों को दर्शन देने पूरे नगर में भ्रमण करती हैं इसलिए शोभायात्रा का इंतजार लोगों को रहता है। इस वर्ष भी रविवार की सुबह वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आचार्य मयंक पांडेय, दीपक तिवारी व आचार्यों ने माता के विग्रह का पंचामृत, गंगाजल व 32 प्रकार के अभिषेक सामग्रियों से विशेष अभिषेक किया। जिसके बाद माता का श्रृंगार कर मंगलाचरण, स्वस्तिवाचन, संकल्प, राजोपचार पूजन कराया व हवन किया गया। जिसके बाद शाम की भव्य मंगल आरती हुई।

## पर्यावरण संरक्षण को बनाएं जीवनशैली का हिस्सा

**तखतपुर।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र शुक्ला ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण मानव जीवन की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है।



कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों ने भी पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में सभी ने अधिक से अधिक पौधरोपण करने तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने का संकल्प लिया।विद्यालय परिसर में लगाए गए पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी सभी ने लिया, ताकि वे पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान से व्यवहारिक रूप से भी जुड़ सकें।इस अवसर पर मिनाज खान,रश्मि मिश्रा, मीनाक्षी शर्मा, कामिनी गुप्ता,सलीम बंजारे सहित अन्य उपस्थित रहे।

## संगठन में अनुशासनहीनता स्वीकार नहीं




हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

- भाजपा नगर मंडल की बैठक में अनुशासन पर जोर

भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल की मासिक कामकाजी बैठक जिला भाजपा कार्यालय अटल परिसर में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मंडल सहप्रभारी प्रदीप मिश्रा, जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेष पाठक, पूर्व जिला महामंत्री मोहन भोजवानी, जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा एवं सुनील पाठक, जिला मीडिया प्रभारी रामशरण यादव, कार्यालय प्रभारी कोटुमल दादवानी, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य यश गुप्ता तथा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रितिमा लाल उपस्थित रहे।

स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष सौरभ बाजपेयी ने दिया। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री मन्नूलाल श्रीवास्तव तथा आभार प्रदर्शन महामंत्री महावीर सिंह ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल सहप्रभारी प्रदीप मिश्रा ने सभी पदाधिकारियों का परिचय प्राप्त किया तथा संगठन के आदर्शों के अनुरूप कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने का आग्रह किया। जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक अनुशासित संगठन है तथा संगठन में किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से विचारधारा आधारित कार्य करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया। जिला उपाध्यक्ष सुनील पाठक ने सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग एवं संगठनात्मक गतिविधियों के प्रचार-प्रसार के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन दिया।

## सियान सदन में की गई नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच

**मुंगेली।** एनसीडी कार्यक्रम के तहत सियान सदन में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर आयोजन किया गया। शिविर में 51 वरिष्ठ नागरिकों, पेंशनर संघ के सदस्यों,



वृद्धाश्रम के रहवासियों एवं आमजनों का रक्तचाप, रक्त शर्करा (शुगर), वजन एवं नेत्र परीक्षण सहित विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी जांचें की गईं। जांच के दौरान 9 लोगों में उच्च रक्तचाप तथा 8 लोगों में मधुमेह के लक्षण पाए गए, जबकि अन्य हितग्राहियों के स्वास्थ्य संकेतक सामान्य रहे। नेत्र परीक्षण के दौरान 12 वरिष्ठ नागरिकों में मोतियाबिंद की पहचान की गई। उन्हें आगे के उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। शिविर का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य की नियमित जांच कर उन्हें स्वस्थ, सक्रिय एवं सम्मानजनक जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर डॉ. मनीष बंजारा, वेनूका साहू, हिमानी राजपूत, जीतू साहू, सुनील साहू, सुनील राजपूत, तारकेश्वर बंजारा एवं हेमसा मरावी की भूमिका रही।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकार रामेश्वर सिंह पिता छेदी सिंह गोड निवासी वार्ड क्रमांक-06 अचानकपुर, बोदरी, चकरभाठा, तहसील बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) से अधिकृत व निर्देशित होकर निम्न आशय का आम सूचना का प्रकाशन कराता हूं कि मौजा मौजा चिचिरदा, प.ह.नं. 21 रा.नि.मं. अमसेना विकासखण्ड बिल्हा, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित खसरा नंबर-381/2 रकबा 0.050 एकड़, खसरा नंबर-551/6 रकबा 0.76 एकड़, कुल रकबा 1.26 एकड़ को संयुक्त भूमि स्वामी बहोरिक, संतोष दोनों पिता मोहन गोड़ निवासी- ग्राम चिचिरदा, सैदा तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. एवं सावित्री ध्रुवं पिता मोहन गोड़ (पति शिवप्रसाद ध्रुव) निवासी ग्राम टिकैट, पेण्ड्री जिला मुंगेली छ.ग. ने विक्रय करने का पक्का सौदा मेरे उपरोक्त पक्षकार से बतौर बयाना रकम प्राप्त कर दो गवाहों के समक्ष इकरारनामा का निष्पादन किए है, जिसका निकट भविष्य में मेरे पक्षकार के पक्ष में रजिस्ट्री किया जाना है। उपरोक्त भूमि पर कोई भी पक्षकार शासकीय /अर्धशासकीय /निजी / बैंक संस्था, समिति से क्रय-विक्रय का संव्यवहार न करे अन्यथा वाद-विवाद एवं परेशानी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

सो सूचना जाने।
स्थान- बिलासपुर (छ.ग.)
दिनांक-06/06/2026

भवदीय
हरि कृष्णा शर्मा (अधिवक्ता)
कार्यालय: शॉप नं. 121, डी.एस.एस. काम्प्लेक्स, मुंगेली नाका, बिलासपुर (छ.ग.)

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार की ओर से अधिकृत व निर्देशित होकर निम्न आशय की आम सूचना का प्रकाशन करता हूँ। कि भूमि स्वामी गौतम तिवारी पिता उमाशंकर तिवारी निवासी सूर्या विहार सीपत रोड बिलासपुर छ.ग. के स्वत्व अधिपत्य व कब्जे की भूमि मौजा-डगनिया प.ह.नं. 15 रा.नि. मं. बेलतरा तहसील व जिला बिलासपुर खसरा नं. 2114/5, रकबा 0.2430 हे. को मेरे पक्षकार के द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम बयाना राशि अदा की गई है। इस सौदे से जिस किसी भी व्यक्ति, बैंक, शासकीय या अर्धशासकीय निकाय, संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर मय दस्तावेज लिखित आपत्ति दर्ज करे। 07 दिवस के पश्चात की आपत्ति मान्य नही होगी व मेरा पक्षकार अपने पक्ष में पंजीयन निष्पादन कराने हेतु स्वतंत्र होगा।

सो सूचना जाने
दिनांक -07 .06.2026

भवदीय
ललित विश्वकर्मा
(अधिवक्ता)
दयालबंद बिलासपुर छ.ग.
मो.नं.-9340363261, 9827171022

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### सीसीटीवी कैमरे में चोरों की तस्वीर कैद

**बिलासपुर।** सीसीटीवी कैमरे में रात 3 बजे एक निमार्णाधीन मकान में घुसते व सामान चोरी कर बाहर निकलते चोरों की तस्वीर कैद हो गई है। मकान मालिक ने फुटेज पेश कर चोरी की रिपोर्ट लिखाई है। पुलिस चोर को नहीं पकड़ पाई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, बृहस्पति बाजार निवासी आलोक कुमार गुप्ता 54 साल के निमार्णाधीन मकान में बिजली फिटिंग का काम चल रहा है। 5 जून की रात उनके मकान से करीब 20 हजार रुपए के बिजली के तार चोरी हो गई। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाला तो रात 3 बजे एक चोर मकान के अंदर घुसते वह हाथ में बिजली का तार रखकर बाहर निकलते नजर आ रहा है। श्री गुप्ता ने सीसीटीवी पेश कर चोरी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस चोर को नहीं पकड़ पाई है।

### नाबालिग से अनाचार शिक्षक हिरासत में

**बिलासपुर।** 6 माह पहले नाबालिग से अनाचार के मामले में पुलिस ने निजी शिक्षक को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। सिरगिट्टी टीआई अभय बैस ने बताया, क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग को दिसंबर 2025 में देवरीखुर्द निवासी निजी स्कूल का शिक्षक राहुल बागरू चाकू दिखाकर बाइक में बैठाकर तोरवा क्षेत्र के ओयो में लेकर गया और उसके साथ अनाचार किया, 6 माह बाद 7 जून को पीड़िता रिपोर्ट लिखाने थाने आई। पुलिस ने उसकी रिपोर्ट पर अपराध कायम कर शिक्षक राहुल बागरू को हिरासत में लिया है।

### चाकू लहराकर दहशत फैलाते युवक गिफ्तार

**बिलासपुर।** ट्रांसपोर्ट नगर पार्किंग चकरभाठा के पास धारदार लोहे की चाकू लहराते हुए राहगीरों और स्थानीय निवासियों डराने-धमकाने वाला बदमाश प्रवृति का देवा कुर्रे 25 वर्ष को चरकभाठा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक धारदार लोहे का चाकू जब्त कर लिया गया है। आरोपी को आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत विधिवत कार्रवाई कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया है।

### तीन शराब कोचिए को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस विभाग द्वारा नशे के कारोबारियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रतनपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने अलग-अलग जगहों पर दबिश देकर 3 शराब कोचियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जें से अवैध महुआ और देशी प्लेन शराब जब्त की गई है। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक विष्णु यादव के नेतृत्व में गठित टीमों ने स्वीपर मोहल्ला और बड़े खैय्यापारा में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान स्वीपर मोहल्ला निवासी किरण रात्रे उर्फ कोंदा 31 वर्ष के घर से 35 पाव प्लेन देसी शराब लगभग 2800 रूपए कीमत की जब्त किया है। वहीं बड़े खैय्यापारा में की गई कार्रवाई में धर्मेंद्र कुमार प्रजापति ,41 वर्ष के पास से 22 पाव कीमत लगभग 1100 और मनोहर प्रजापति 35 वर्ष के पास से 30 पाव 7.5 लीटर लगभग 1500 रूपए कीमत की कच्ची महुआ शराब बरामद की गई।पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।



## उसलापुर की शिक्षक कालोनी में नाला पाटकर निर्माण

**बिलासपुर।** उसलापुर स्थित शिक्षक कॉलोनी के अभिषेक नगर में नाले को पाटकर निर्माण कार्य किए जाने के आरोपों ने स्थानीय रहवासियों की चिंता बढ़ा दी है।

■ बारिश से पहले बढ़ी लोगों की चिंता

क्षेत्रवासियों का कहना है कि कॉलोनी में पानी निकासी के लिए मौजूद एकमात्र 6 फिट चौड़े नाले पर मिट्टी डालकर निर्माण किया जा रहा है, जिससे आगामी मानसून में जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है। स्थानीय निवासी महेश कुमार शर्मा के अनुसार, अभिषेक नगर में हर वर्ष बारिश के दौरान जल निकासी की समस्या बनी रहती है। ऐसे में यदि नाले का मार्ग अवरुद्ध कर दिया गया तो बरसाती पानी की निकासी रुक जाएगी और कई घरों व सड़कों में पानी भरने की आशंका बढ़ जाएगी।लोगों का कहना है कि एक बिल्डर की मनमानी से लोगों के घरों में पानी घुस जाएगा। लोगों का कहना है कि जब नाला चालू था तब तो बारिश में पानी निकासी नहीं हो पाती थी। अब नाला बंद हो जाने के बाद तो लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो जाएगा।रहवासियों का आरोप है कि नाले को पाटने से पूरे क्षेत्र की जल निकासी व्यवस्था प्रभावित होगी, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इसे लेकर कॉलोनीवासियों में नाराजगी है और वे प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं।

नेहरू नगर व चकरभाठा बिजली कार्यालय का वीडियो सोशल मीडिया में हो रहा वायरल

## नहीं उठ रहा फ्यूज कॉल का नंबर उपभोक्ताओं ने किया बवाल

तापमान बढ़ते ही बिजली की सप्लाई तोड़ रही दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गर्मी के मौसम में तापमान बढ़ते ही बिजली की सप्लाई दम तोड़ रही है, यही कारण है कि दिन के साथ ही रात में भी बिजली बंद हो रही है।

इस दौरान बिजली बंद की शिकायत करने के दौरान उपभोक्ताओं और फ्यूजकॉल सेंटरों के आपरेटरों के बीच जमकर बवाल मच रहा है। पिछले दो दिन में नेहरू नगर व चकरभाठा बिजली कार्यालय का विडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें उपभोक्ताओं की परेशानी और बिजली विभाग के आपरेटरों के रवैयों की हकीकत सामने आ रही है।




आराम फरमाते बिजली कर्मचारी।

### ईडी की फटकार का नहीं हो रहा है असर

खास बात यह है कि एक हफ्ते पहले ही ईडी एके अम्बस्ट ने बिजली अधिकारी व कर्मचारियों के साथ ही फ्यूज कॉल के ठेकेदारों की बैठक लेकर बिजली व्यवस्था के व्यवधानों को तत्काल दूर करने और हर हाल में फोन उठाने की हिदायत दी थी लेकिन इस फटकार का कोई असर नहीं दिख रहा है। पुराने ढर्रे में चलते हुए कर्मचारी लगातार लापरवाही बरत रहे है जिससे आम लोग परेशान है।

### दोषियों पर कार्रवाई होगी

फ्यूज कॉल सेंटर का काम ही शिकायतों को दर्ज करना और उपभोक्ताओं को बंद के विषय में आवश्यक जानकारी देना। दोनों विडियो की जांच कराई जाएगी, दोषियों पर कार्रवाई जरूरी होगा।

**-एके अम्बस्ट,** ईडी, विद्युत विभाग

### चकरभाठाः शिकायत के बाद भी नहीं पहुंचा अमला

दूसरी घटना चकरभाठा की है जहां वार्ड-8 में बिजली समस्या आम बात हो गई है रोजाना 3 से 5 घंटे बिजली कटौती से उपभोक्ता हलाकान हो चुके है। कार्यालय में फोन भी नहीं उठाया जाता है जिसके कारण शिकायत भी दर्ज नहीं हो रही है, भीषण गर्मी में रातभर जागने को मजबूर होना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली विभाग के कार्यालय में शिकायत दर्ज कराने के लिए कई बार फोन किया गया, लेकिन अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा फोन तक नहीं उठाया गया। इससे लोगों की परेशानी और बढ़ गई। रहवासियों के अनुसार, लगातार बिजली कटौती के कारण बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रतगजा कर उपभोक्ता सुबह बिजली कार्यालय पहुंचें, जहां कर्मचारी सोते मिले, उपभोक्ता ने उनका विडियो वायरल कर दिया।

### नेहरू नगरः आपरेटर और उपभोक्ता के बीच झड़प

पहली घटना नेहरू नगर स्थित विद्युत कार्यालय की है जहां शनिवार रात्रि लगभग 10 बजे विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। कुछ उपभोक्ता अपनी बिजली संबंधी शिकायत लेकर कार्यालय पहुंचे थे। इसी दौरान ठेकेदार का कर्मचारी दुर्लभ कार्यालय गेट के समीप स्थित हनुमान मंदिर में मौजूद था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कुछ लोगों और कर्मचारी के बीच कहासुनी हो गई, कुछ देर बाद विवाद बढ़ गया। घटना के समय मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटनास्थल पर मौजूद एक उपभोक्ता ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। वहीं कार्यालय परिसर एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में भी घटना कैद होने की संभावना जताई जा रही है।

## फटे पोस्टर- बैनर बन रहे परेशानी का सबब, तारों से उलझते ही बंद होती है बिजली

■ नगर निगम व बिजली विभाग में सामंजस्य की कमी बनी वजह

बड़े काम्प्लेक्स, होटल और दुकानों के ऊपर लगाई जाने वाले होर्डिंग्स, पोस्टर और बैनर बिजली विभाग के लिए सिरदर्द बन चुके है। तेज हवाओं की चपेट में आकर फटने वाले पोस्टर सीधे बिजली के तारों से झुल रहे है, जिसके चलते शार्ट सर्किट और बिजली बंद होने की समस्या सामने आती है। सालों से बिजली बंद का कारण बनने के बाद भी बिजली विभाग और नगर निगम इन पोस्टरों को संभाल नहीं सका है। बड़े-बड़े पोस्टर तेज हवाओं के झोंकों में फट रहे हैं, इस दौरान झंडे की तरह लहराते दिखने वाले पोस्टर अक्सर फट कर सीधे बिजली के तारों में फंसते हैं। गर्मी की मार झेल चुके पोस्टरों को बारिश के दिनों में बिजली तारों पर लटकते आसानी से देखा जा सकता है। कई बार इन पोस्टरों को निकालना बिजली विभाग के लिए सिरदर्द साबित होता है। रात के समय इन पोस्टरों को निकाला भी नहीं जा सकता है, ऐसे में बिजली बंद होने की दशा में लोगों को रात भर बिना बिजली के ही रहने को मजबूर होना पड़ता है। खास बात यह है हर साल जून और जुलाई के महीनों में होर्डिंग्स के फटने और उससे बिजली बंद की शिकायत विभाग को मिलती है, जिसमें आम जन को परेशानी का सामना करना पड़ता है लेकिन इसके बावजूद बिजली विभाग जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई नहीं कर पाता है। दरअसल इसकी जिम्मेदारी नगर निगम के पास है लेकिन बाजार विभाग के अधिकारी महज शुल्क जमा कर खानापूर्ति कर रहे हैं।




### अवैध होर्डिंग्स की भरमार

शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में अवैध होर्डिंग्स की भरमार है। नगर निगम को महज गिनती के होर्डिंग्स का ही शुल्क मिलता है और बाकी होर्डिंग्स मनमाने तरीके से लगाए जाते हैं। इसके बाजवूद नगर निगम के अधिकारियों को इन होर्डिंग्स के एजेंसी पर कार्रवाई करने की फुर्सत नहीं है। इसके साथ ही निजी दुकानदार भी बैनर पोस्टर लगाते हैं, जिसकी देखरेख नहीं की जाती है।

पैसा मंगवाने में तथाकथित दो पत्रकारों के नाम सामने आया

## आरक्षक से वीडियो वायरल नहीं करने के एवज में एक लाख रुपए की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक साल पुरानी बीयर की बोतल रखे हुए आरक्षक का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल नहीं करने के एवज में एक लाख रुपए की मांग करने के मामले की जांच एएसपी कर रहे हैं। उन्होंने वाइस रिकार्डिंग में सौदाबाजी करने वाले चायठेले वाले से पूछताछ कर बयान दर्ज किया है। चायवाले ने तथाकथित दो पत्रकारों के कहने पैसा मांगने की बात स्वीकार की है।

■ एएसपी ने सौदेबाजी करने वाले चायवाले का लिया बयान

चार दिन पहले सिविल लाइन थाना के आरक्षक मनोज साहू को थाने के सामने चायठेला लगाने वाले युवक ने फोन कर उसका बीयर बोतल रखे थाने में सोते हुए वीडियो भेजा। उक्त वीडियो एक साल पुराना था, जिसे कमरे में रखकर आरक्षक सो रहा है, अब वह कमरा टूट चुका है। उक्त वीडियो को सोशल मीडिया में वायरल नहीं करने के एवज में चायठेले वाले ने आरक्षक से पहले एक लाख रुपए की मांग की। उसके बाद बातचीत के दौरान चायवाला ने 50 हजार रुपए मांगने लगा। आरक्षक ने पैसा देने से मना किया तो उसने एक साल पुराना वीडियो सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। वहीं सोशल मीडिया में आरक्षक व चायवाले की सौदेबाजी की वाइस रिकार्डिंग भी वायरल हो गई। एसएसपी रजनेश सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एएसपी पंकज कुमार पटेल को इस मामले की जांच करने का आदेश दिया है। 6 जून को एएसपी श्री पटेल ने चायवाले को तलब कर पूछताछ कर बयान लिया है। खबर है कि चायवाले ने दो तथाकथित पत्रकारों के कहने पर सौदेबाजी करना स्वीकार किया है। वहीं पत्रकारों को वीडियो उपलब्ध कराने वाले आरक्षक का नाम भी उसने उजागर कर दिया है। शीघ्र ही उक्त मामले में कार्रवाई किए जाने की संभावना है।

### पेट्रोलिंग गाड़ी में चढ़ने को लेकर विवाद

खबर है कि पीड़ित आरक्षक मनोज साहू और वीडियो बनाने वाला आरक्षक सिविल लाइन थाने में पदस्थ थे। दोनों के बीच पेट्रोलिंग गाड़ी में चलने को लेकर विवाद चल रहा था। उसी रंजिश में एक साल पहले थाने के कमरे में आरक्षक मनोज साहू की सोते हुए बीयर की बोतल रखकर दूसरे आरक्षक ने वीडियो बना लिया था। वर्तमान में उक्त आरक्षक की दूसरे थाने में पोस्टिंग हो गई है। उसने आरक्षक को बदनाम करने उक्त वीडियो तथाकथित पत्रकारों को दे दिया है।

### कार्रवाई की जाएगी

एएसपी को मामले की जांच कर रिपोर्ट मांगी गई है। ड्यूटी करने के बाद थक कर आराम रहे आरक्षक की गलत तरीके से बीयर की बोतल रखकर वीडियो बनाने वाले के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

**-रजनेश सिंह**
एसएसपी

## सड़क पर बह रहा रोजाना हजारों लीटर पानी, नगर निगम की अनदेखी



**बिलासपुर।** सड़क पर रोजाना हजारों लीटर पानी बेवजह बह रहा है लेकिन पाइप लाइनों को सुधारने की जिम्मेदारी से नगर निगम मुंह मोड़ चुका है। इसका खामियाजा आम लोगों को उठाना पड़ रहा है। सड़क पर गड्ढें भी हो रहे है जिससे लोगों को गुजरना मुश्किल हो चुका है।

दरअसल मसानगंज के अष्टमुखी मंदिर के नजदीक ही सालों पुराना पाइप लाइन पिछले 1 माह से फूट चुका है, यहां से सुबह व शाम हजारों लीटर पानी बहता है। इसकी शिकायत कई बार नगर निगम कार्यालय में की गई है लेकिन निगम के कर्मचारी लीकेज बंद नहीं कर पा रहे है। आसपास के लोगों ने बताया कि 2 बार कर्मचारियों ने जोर अजमाई की है लेकिन हाल जस का तस है। यहीं कारण है कि अब यहां बड़ा गड्ढा हो चुका है। आने वाले बारिश के दिनों में नाली का पानी सड़क से होकर गुजरने लगता है, ऐसे में इस लीकेज से संक्रमण का खतरा बना हुआ है। यह हाल महज मसानगंज का नहीं है, करबला रोड, टिकरापारा, मनी बस्ती, सरकंडा जैसे क्षेत्रों का भी है। जहां पुरानी पाइप लाइनें खराब होकर लीकेज कर रही है लेकिन इन्हें सुधार करने में नगर निगम का जल शाखा फिसड्डी साबित हो रहा है।

## नशेड़ी युवकों ने फल दुकान संचालक को बेरहमी से पीटा

### सिरगिट्टी स्थित बार के बाहर हुई वारदात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात 1.25 बजे बीयर बार से बाहर निकले फल दुकान संचालक के साथ नशेड़ी युवक गाली गलौज करने लगे। मना करने पर युवकों ने उनके साथ बेरहमी से मारपीट कर दी। पुलिस ने हमलावर नशेड़ियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, तिफरा कालिका नगर निवासी नवीन सिंह ठाकुर पिता स्व. ओंकार सिंह ठाकुर की नए बस स्टैण्ड में फल दुकान है। 6 जून की रात 10 बजे दुकान बंद करने के बाद वे होटल पेट्रिशियन के अंदर इल्युम बीयर बार गए थे।

रात 1.25 बजे बीयर बार से बाहर निकलकर वे मेन रोड पर आए। उनके साथ आयुष गुप्ता व उसके साथी भी बाहर निकले। मेन रोड में पुरानी बातों को लेकर नशे की हालत में आयुष गुप्ता व उसके साथी उनके साथ गाली गलौज करने लगे। उन्होंने विरोध किया आयुष गुप्ता एवं उसके साथी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगे। वहां पर उपस्थित पंकज गश्यप ने बीच बचाव किया।

पुलिस ने नवीन सिंह ठाकुर की रिपोर्ट पर हमलावर आयुष गुप्ता एवं उसके साथियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर लिया गया है। पुलिस हमलावरों को नहीं पकड़ पाई है।

### देर रात तक खुल रहा बीयर बार, पुलिस बेखबर

पुलिस व आबकारी विभाग की अनदेखी के चलते शहर में संचालित बीयर बार नियम विरूद्ध देर रात तक संचालित हो रहे हैं। ज्ञात हो कि इल्युम बीयर बार के बाहर मारपीट की घटना पहले भी हो चुकी है। यहां कई बार बार नशे में युवक युवतियों के बीच मारपीट की वारदात हो चुकी है। उसके बाद भी बीयर बार को देर रात तक खोलने की छूट दे दी गई है।

## महिला की मौत के बाद मचा बवाल, सिम्स में हंगामा

**बिलासपुर।** सरकारी डाक्टर द्वारा प्राइवेट अस्पताल में किए गए इलाज के दौरान हुई महिला की मौत का मामला रविवार को भी छाया रहा, सिम्स में पीएम के दौरान परिजनों ने जमकर हंगामा मचाया।



दरअसल बच्चादानी के आपरेशन के दौरान रतनपुर के निजी अस्पताल मातृका नर्सिंग होम में 50 वर्षीय महिला कुमारी बाई साहू की मौत हो गई थी। आरोप है कि शासकीय पदस्थ महिला प्रसूति विशेषज्ञ डॉ नेहल झा ने जांच के बाद परिजनों को सरकारी अस्पताल से करीब एक किमी दूर अपने निजी नर्सिंग होम में आकर आपरेशन करवाने का दबाव बनाया था। महिला विशेषज्ञ डाक्टर ने इलाज के लिए 15 हजार रु भी जमा कराए थे, ऑपरेशन के लिए भर्ती कराई गई महिला की मौत होने के बाद परिजनों का गुस्सा फट पड़ा। शनिवार से बढ़ता हंगामा रविवार को भी जारी रहा, पीएम से पहले परिजन डाक्टर पर कार्रवाई की मांग करते रहे, सिम्स के डाक्टरों ने शव का पीएम किया है।



## जुआ खेलते 8 जुआरी पकड़े गए, मुचलका जमानत पर रिहा

**बिलासपुर।** पुलिस ने दबिश देकर जुआ खेलते 8 जुआरियों को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर थाने से छोड़ दिया है। उनके पास से 35 हजार 400 रुपए जब्त किया गया है।

मस्तूरी पुलिस को सूचना मिली ग्राम गतौरा सरस्वती फ्लाई बिक्स के पीछे सार्वजनिक स्थान पर बड़ी संख्या में जुआरी एकत्रित होकर जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने मौके पर घेराबंदी करते हुए जुआ खेलते चंद्रिका पटेल पिता बैसाखू पटेल 42 साल भटचौरा पचपेड़ी, अनुराग हंस पिता राकेश हंस 24 साल देवरीखुर्द तोरवा, संतोष वर्मा पिता भईयाराम वर्मा 45 साल चिंगराजपारा सरकण्डा, रवि पटेल पिता जनकराम पटेल 35 साल हरदीडीह सीपत, विजय कुमार सोनवानी पिता स्व. रतनलाल सोनवानी 43 साल कोटमीसोनार, संतोष श्रीवास पिता समारू श्रीवास 40 साल एरमसाही, मनीष सूर्यवंशी पिता स्व. मनोहर लाल सूर्यवंशी 28 साल बंगालीपारा सरकण्डा, अनुराग कुर्रे पिता महादेव कुर्रे 23 साल मोपका निवासी को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर छोड़ दिया गया है। जुआरियों के पास से 35 हजार 400 रुपए जब्त किया गया है।



### सटोरिया गिरफ्तार

सिविल लाइन पुलिस ने मुखबिर की सूचना मंगला मुढ़ंडा हास्पिटल के सामने ग्राउंड में अंक सट्टा खिलाते हुए दीनदयाल कालोनी निवासी नवीन तिवारी उर्फ पुररू पिता सुरेश तिवारी 30 साल को पकड़ लिया। उसके पास से 3 हजार 160 रुपए व सट्टापट्टी जब्त करने के बाद गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर थाने से छोड़ दिया गया है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152